बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 10 मई 2024
वर्ष 5, अंक 173, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती 12

मनोज की भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज 11



एक नजर

पॉलीथिन में बेच रहे थे सब्जी तीन वेंडरों पर जुर्माना

शाहजहांपुर। रेलवे स्टेशन पर वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। पॉलीथीन में छोले की सब्जी डालकर बेचने पर तीन वेंडरों पर जुर्माना किया गया। सभी वेंडरों को चेतावनी दी गई है कि छोले की सब्जी पॉलीथिन में रखकर नहीं बेचेंगे और वर्दी तथा परिचय पत्र में गले डालकर रखेंगे। रेलवे वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की गई थी कि स्टेशन पर वेंडर पॉलीथिन में सब्जी बेच रहे है। यहां के रेल अधिकारियों ने स्टेशन पर वेंडरों के खिलाफ दोपहर को अभियान चलाया। इस दौरान वेंडरों का खाना चेक किया गया। तीन वेंडरों के पैकेट में पॉलीथिन में छोले की सब्जी मिली। तीनों वेंडरों पर जुर्माना किया गया। सीएमआई एसके ठाकुर ने कैटरिंग संचालक तथा वेंडरों को कार्यालय में बुलाकर कहा कि कोई भी वेंडर पॉलीथिन में छोले की सब्जी नहीं नहीं रखेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वेंडर वर्दी में रहेगा और परिचय पत्र गले में टांगकर रखेगा।

महाराणा प्रताप सभी के लिए प्रेरणास्रोत

रोजा। क्षत्रिय समाज के युवाओं ने गुरुवार को महाराणा प्रताप सिंह की जयंती के अवसर पर मेजबान तिराहा स्थित महाराणा प्रताप पार्क में उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप को याद किया। भाजपा युवा नेता अतुल सिंह ने कहा कि अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महाराणा प्रताप सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनकी वीरता हम सभी को उनके दिखाए गए पथ पर चलने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर अक्षय गुप्ता, देवा ठाकुर, अभिषेक सिंह, दीपक सिंह, नीतिश गुप्ता, विकास कश्यप, रिषभ चौहान, दीपक सिंह, विशाल मिश्रा, हर्षित शुक्ल, श्याम मिश्रा, कर्तव्य गुप्ता ,लक्ष्य सक्सेना, शिखर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नाले से उठ रही दुर्गंध से निजात दिलाने की मांग

पुवायां। गंगसरा में सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते सड़क के दोनों ओर पक्का नाला बनाया गया, जिसमें सीधे ही किसी ने शौचालय का पाइप डाल दिया। अब आसपास भयंकर दुर्गंध आती है जिससे आसपास के दुकानदार बहुत परेशान हैं। दुकानदारों ने इस मामले में प्रधान से शिकायत करते हुए दुर्गंध से निजात दिलाने की मांग की।

निर्भीक, स्वाभिमानी और वीरता के पर्याय थे महाराणा प्रताप

वीर शिरोमणि की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से गुरूवार देर शाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अटल सभागार में आयोजित जयंती समारोह में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और जिला प्रभारी सुरेश राणा को पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में राणा प्रताप और चेतक पर आधारित लघु फिल्म भी देखी गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री खन्ना ने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि राणा प्रताप वीरता के पर्याय थे। उन्होंने स्वाभिमान और राष्ट्र की रक्षा के लिए जितना संघर्ष किया, वह अद्वितीय है। दो क्विंटल से भी अधिक भार धारण कर युद्ध में दुश्मनों से लड़ना और उन्हें शिकस्त देना, यह अपने आप में ही अविश्वसनीय मालूम पड़ता है, लेकिन उनके साथ ऐसा था। एक निर्भीक योद्धा के रूप में उनका चरित्र जाना जाता है। इस दौरान उन्होंने राणा प्रताप के घोड़े चेतक और उनकी करीब 24 हजार सैनिकों की सेना को अस्त्र-शस्त्र और भोजन आदि से सहयोग करने वाले भामाशाह को भी याद करते हुए नमन किया। विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी सुरेश राणा ने कहा जिसका नाम लेने मात्र से धमनियों में रक्त का संचार बढ़ने लगता हो, वह राणा प्रताप ही हैं। राणा प्रताप एक विचार हैं और ऐसा विचार हैं, जिसे पूरी दुनिया ने माना। युद्धों की जब-जब चर्चा होगी, तब-तब राणा प्रताप और उनके जैसे वीर याद किए जाते रहेंगे। व्यक्ति का महत्व उसके कृतित्व से होता है, जो राणा प्रताप की रग-रग में बसा था। वह शौर्य की पराकाष्ठा थे। उनका शौर्य अद्भुत और अविस्मरणीय है। राणा प्रताप की गौरव गाथाएं सदियों तक गाई जाती रहेंगी।

इससे पहले अतिथियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। क्षत्रिय महासभा युवा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह चौहान ने कैबिनेट मंत्री खन्ना और जिला प्रभारी राणा को पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंटकर सम्मानित किया। सेठपाल सिंह, अजीत सिंह, महेश पाल सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह राठौर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह, शरद सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए राणा प्रताप को नमन किया। अरुण प्रताप सिंह के संचालन में चले कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, अजय पाल सिंह, विमल सिंह, अशित पाठक, अजय प्रजापति, आलोक कुमार सिंह बॉबी, सुधीर सिंह, दिव्यांशु कोविद सिंह, राम चेतन त्यागी, डॉ. केडी सिंह, विपिन प्रताप सिंह, अवधेश सिंह तोमर, जिला युवाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, ममता सिंह, जलालाबाद की ब्लॉक प्रमुख लता सिंह, प्रियांशु रघुवंशी समेत बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

- अतिथियों ने राणा प्रताप के चित्र पर अर्पित की पुष्पांजलि, जिले भर में कई जगह हुए कार्यक्रम
- मंत्री खन्ना और जिला प्रभारी सुरेश राणा को पगड़ी पहनाकर तलवार भेंटकर सम्मानित किया

अटल सभागार में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और जिला प्रभारी सुरेश राणा व अन्य। ● अमृत विचार

अटल सभागार में महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जुटे सर्व समाज के लोग। ● अमृत विचार



अतिथियों को पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंटकर सम्मानित करते अनिल सिंह चौहान।

महाराणा प्रताप की जयंती पर विचार रखते युवा। ● अमृत विचार

महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पा अर्पित करते क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह राठौर व मौजूद अन्य लोग। ● अमृत विचार

राणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आह्वान

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर घंटाघर स्थित राठौर क्लीनिक पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह राठौर ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. राठौर ने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वह महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का प्रयास करें। महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए संघर्ष में गुजरा। महाराणा प्रताप ने घास की रोटी तो खाना पसंद की, लेकिन मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की। केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलते हुए जीवन में स्वाभिमान जीवित रखना चाहिए। स्वाभिमान पर कभी आंच नहीं आने देनी चाहिए। इस अवसर पर रोहित भट्ट, अभिनव कुमार गुप्ता, राकेश शाही, वीरेंद्र कुमार, अतुल दीक्षित, राहुल कुमार सिंह, अच्युत कुमार शुक्ला, अनुज वर्मा, डॉ. अंशुमान राठौर, डॉ. आलोक कुमार सिंह राठौर, सर्वेश कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।

तिलहर में मनाई गई राणा प्रताप की जयंती

तिलहर। क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गुरुवार को मधुबन कॉलोनी में सभी लोग एकत्र हुए। सबसे पहले युवाओं ने क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष इंद्रभान सिंह वीनू, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सिंह एवं युवा शुभम प्रताप सिंह एवं रजत प्रताप सिंह के नेतृत्व में महाराणा प्रताप चित्र के सामने जयकारे लगाए। इसके बाद महाराणा प्रताप के चित्र पर सभी लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया। समाज के राकेश सिंह, चंद्रभान सिंह अन्ना, वेद प्रकाश सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हिंदू धर्म एवं संस्कृति के रक्षक और स्वतंत्रता प्रेमी के रूप में विश्व विख्यात है। इस दौरान पंकज सिंह, अवनीश कुमार सिंह, रजत प्रताप सिंह, शुभम प्रताप सिंह, युवराज सिंह, सत्यम ठाकुर, अमन चौहान, रीतु सिंह, अनुज सिंह, नितिन वर्मा, राजेश्वर सिंह, रणविजय, आलोक सिंह, राजीव सिंह, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

मिर्जापुर में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते युवा। ● अमृत विचार

मिर्जापुर में गोष्ठी का आयोजन, वक्ताओं ने रखे विचार

मिर्जापुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय सेना के कैंप कार्यालय चंदेल हाउस पर गुरुवार को महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने महाराणा के गौरवशाली जीवन संघर्ष पर विचार रखे। कार्यक्रमका प्रारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रदीप रघुवंशी ने राणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर विचार गोष्ठी में प्रदीप रघुवंशी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि महाराणा प्रताप ने कभी भी स्वयं के लिए लड़ाई नही लड़ी, बल्कि सर्व समाज व देश धर्म के लिए जीवन भर संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने अकबर को रणभूमि में कई बार टक्कर दी परंतु उसकी अधीनता स्वीकार नही की और अकेले ही मुगलों के खिलाफ देश धर्म का मान रखते हुए झंडा बुलंद रखा। धर्मवीर सिंह चंदेल ने कहा कि राणा प्रताप ने गोरिल्ला युद्ध कर अकबर की नाक में दम कर दिया। सूर्यप्रताप सिंह ने कहा कि उनका संघर्षशाली जीवन सभी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी दीपेश भदौरिया, विधानसभा संयोजक अभिषेक सिंह, तहसील महामंत्री श्यामजी, ध्रुव सिंह , तनुज सिंह, आर्यन सिंह चंदेल, आयुष सिंह, मंगल सिंह, अतुल चंदेल, साहिल ठाकुर, उत्सव, कन्हैया, शिवम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रैंप वॉक में सरबजोत को मिला बेस्ट मम्मी का अवार्ड

श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ में मदर्स डे पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

मातृशक्ति सम्मेलन में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ में मदर्स डे पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

अमृत विचार: श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी, वहीं महिला अभिभावकों के बीच भी प्रतियोगिताएं कराई गई, जिनमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्राओं आरोही भारद्वाज, आराध्या सिंह, मिष्टी अग्रवाल, अनामिका ठाकुर, यदवी मोहन, संबोधि उपाध्याय, स्तुति, अनुष्का, एकलव्य चौहान, आदित्य राठौर, आराध्या सिंह, शैली पांडे, शिवांश, अक्षिता, शताक्षी, कृष्णा, वरुण, वैभव सिंह, उदय, अभय वर्मा, तनिष्का सिंह, अद्रिका आदि ने गीत और नृत्य के माध्यम से अभिभावकों की तालियां बटोरीं। रोचक खेलों के माध्यम से मनोरंजन किया।

महिला अभिभावकों के बीच रैंप वॉक और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी हुई। प्रधानाचार्या डॉ. मेघना मेंदीरत्ता ने नृत्य, गीत, टंग ट्विस्टर और रैंप वॉक के विजेताओं को पुरस्कृत किया। गायन में वाणी और उनकी मम्मी सुमन को प्रथम, आयुषी यादव और उनकी मम्मी शीना यादव को द्वितीय, अतीक सैनी और उनकी मम्मी नम्रता सैनी को तृतीय स्थान मिला। नृत्य में भव्य और उनकी मम्मी साक्षी को प्रथम, धैर्या और उनकी मम्मी शिखा को द्वितीय अदिति और उनकी मम्मी मोहिनी को तृतीय, रैंप वॉक में अनहद कौर की मम्मी सरबजोत कौर को बेस्ट मम्मी का अवार्ड मिला। म्यूजिकल चेयर में मीनाक्षी को विजेता घोषित किया गया। संगीता मेहरोत्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में किरण मेहरोत्रा, ममता सिंह, दीक्षा, नैंसी, लीना मोहन, सुरभि, पूजा, ऐनी, रेखा, बबिता सक्सेना, प्रिया, अंजलि, खुशबू, रुचि सेठ, रश्मि, वंदना शर्मा,, दीपांजलि आदि का सहयोग रहा।

रीता को मिला बेस्ट मदर का खिताब

पुवायां, अमृत विचार : अर्पण समाज सेवा संस्थान की ओर से गुरुवार को मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने कई गेम खेलें। वन मिनट गेम में बेस्ट मदर का खिताब रीता रानी गुप्ता को द्वितीय खिताब शिवा गुप्ता दिया गया। मातृ देवो भव के आधार पर अर्पण समाज सेवा संस्थान ने मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें हाजी गेम, वन मिनट गेम, सरप्राइज गेम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सभी खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में भाग लेने व गेम खेलने वाली महिलाओं में करुणा गुप्ता, कल्पना गुप्ता, रुचि गुप्ता, पूजा, उपासना, निशा, रुचि गुप्ता, कविता गुप्ता, नेहा गुप्ता, शोभा गुप्ता, रानी गुप्ता, ममता गुप्ता मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता निशा गुप्ता ने की।

नगरायुक्त ने पौधरोपण कर दिया हरियाली बढ़ाने का संदेश

शाहजहांपुर, अमृत विचार: विश्व पर्यावरण दिवस को देखते हुए मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर निगम के तत्वावधान में महानगर क्षेत्र में स्थित आल सेंट्स स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, स्कूल प्रबंधक सचिन बाथम ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त की ओर से सभी से अपील की गई कि अपने-अपने घरों व आसपास मेरा आंगन, मेरी हरियाली अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करें। जिससे महानगर में शुद्ध ऑक्सीजन व हरियाली मिल सके। आयोजित कार्यक्रम में सैफ सिद्दीकी, स्कूल प्रधानाचार्य, शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

आल सेंट्स स्कूल में पौधरोपण करते नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र।

- मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान के अंतर्गत ऑल सेंट्स स्कूल में आयोजन

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 10 मई 2024
वर्ष 5, अंक 173, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज 12

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका 11

बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के डूब गए 7 लाख करोड़ रुपये

सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22 हजार से नीचे

मुंबई, एजेंसी

- आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में आई गिरावट
- विदेशी निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के दबाव से भी बाजार की धारणा हुई प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली और बीएसई के सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक से नीचे चला गया, जिससे निवेशकों को करीब साढ़े सात लाख करोड़ का नुकसान हो गया है। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों वाले बीएसई के सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.21 अंक तक टूटा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र के दौरान यह 370.1 अंक तक लुढ़का था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

सेंसेक्स के टूटने से निवेशकों को नुकसान

नई दिल्ली। सेंसेक्स में तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7 .34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513 .48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896 .14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767 .90 करोड़ रुपये पहुंच गया था।

केदारनाथ धाम के कपाट आज खुलेंगे

देहरादून। अक्षय तृतीया (शुक्रवार को) पर केदारनाथ धाम के कपाट सुबह शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा भी शुरू होगी। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। गुरुवार दोपहर बाबा की पंचमुखी उत्सव डोली गौरीकुंड से धाम पहुंच गई। सेना की 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड ने भक्ति धुन के साथ डोली का भव्य स्वागत किया।

शोहदे से परेशान होकर किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने के चक्कर लगाता रहा पिता
- मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद दर्ज की गई रिपोर्ट

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी ने शोहदे से परेशान होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी का पिता आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने को थाने के चक्कर लगाता रहा। पुलिस चुनाव का बहाना बनाकर टालती रही। परेशान होकर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जिसके बाद बुधवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो सकी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शहर के कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। दो मई को छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। किशोरी के पिता का कहना है कि उनकी पुत्री के साथ गांव का योगेंद्र आए दिन छेड़छाड़ करता था।

स्कूल आते- जाते फब्तियां कसता था। शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकाता था। उसकी धमकियों व छेड़खानी से तंग आकर उनकी पुत्री ने खुदकुशी कर ली। पिता ने बताया कि उन्होंने रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने में तहरीर दी थी। मगर पुलिस चुनाव में व्यस्त होने की बात कहकर टालती रही।

उन्होंने कई चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। पांच मई को उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद बुधवार को पुलिस ने आरोपी योगेंद्र पर रिपोर्ट दर्ज की। उधर, इंस्पेक्टर रामवकील सिंह का कहना है कि उन्हें बुधवार को तहरीर मिली जिसके धार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

पायलटों की हड़ताल वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय श्रमायुक्त की मध्यस्थता के बाद बनी बात, बर्खास्त किए गए 25 कमर्चारी बहाल

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों द्वारा सामूहिक अवकाश पर जाने के बाद कंपनी प्रबंधन ने भी सख्त रुख अपना लिया और चालक दल के 25 सदस्यों को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया।

श्रम आयुक्त (केंद्रीय) की मध्यस्थता में हुई वार्ता में एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन ने 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद किया है। एयरलाइन में कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीमार होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद किया। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के कार्यालय में चालक दल के सदस्यों के प्रतिनिधियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के बीच बैठक में हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी।

गंगा में डूबे कासगंज के तीन युवक, एक की मौत

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- कमलू नगला घाट पर स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले गए थे तीनों

अमृत विचार : गंगा को पहनान और स्नान करने थाना उसहैत क्षेत्र के कमलू नगला घाट आए कासगंज निवासी तीन युवक डूब गए। गोताखोरों ने दो युवकों को बाहर निकाल लिया जबकि एक की मौत हो गई।

जिला कासगंज के थाना सिकंदपुर वैश्य क्षेत्र के गांव पदम नगला उर्फ राजेपुर कुर्रा निवासी ग्रामीण बुधवार दोपहर गंगा मइया की पहनान कराने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से आए थे। ग्रामीण गंगा घाट पर पूजा कर साड़ियों से पहनान कर रहे थे। इस बीच कल्लू पुत्र महावीर, नीरज, नितेश पुत्र विजेंद्र और बसंत पुत्र जयवीर समेत पांच लोग स्नान करने के लिए गंगा में उतरे। स्नान करने के दौरान वे गहरे पानी में चले गए। कल्लू, नीरज और बसंत डूबने लगे। मछुआरों और गोताखोरों ने नीरज व बसंत को बाहर निकाल लिया लेकिन कल्लू डूब गया। पुलिस ने और गोताखोर बुलाकर कल्लू की तलाश कराई लेकिन देर शाम तक पता नहीं चला। गुरुवार सुबह कल्लू का शव बरामद हो गया।

संदेह के आधार पर न हो गिरफ्तारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के तहत कोई भी गिरफ्तारी महज संदेह पर नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह ठोस साक्ष्य के आधार पर की जाए और उपयुक्त प्रक्रिया का पालन हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि जिन तथ्यों के आधार पर गिरफ्तारी की गई है उन्हें एक मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। केंद्र की ओर से न्यायालय में पेश हुए एएसजी एसवी राजू से पीठ ने कहा कि इस अधिनियम के तहत गिरफ्तारी उपयुक्त जांच और निर्धारित प्रक्रिया के पालन के बाद की जा सकती है।

जीएसटी पर सुनवाई

केजरीवाल की बेल का ईडी ने किया विरोध

- सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिए उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक। एक नए हलफनामे में ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, कानूनी अधिकार भी नहीं है। किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो।

पर्ची लेने से इंकार, प्रदर्शन कर चुनाव का बहिष्कार

सड़क नहीं बनने से भड़का झकरेली के ग्रामीणों का गुस्सा, बोले नहीं करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग पूरी नहीं होने पर परौर क्षेत्र के झकरेली गांव के मतदाताओं ने 13 मई को होने वाले मतदान के बहिष्कार की घोषणा की है। मतदाताओं ने गुरुवार को मतदाता पर्ची लेने से इंकार कर दिया और चुनाव बहिष्कार की घोषणा के साथ ही गांव में प्रदर्शन किया।

ग्राम सभा सुखनैया में कार्यरत शिक्षक अनिल कुमार के साथ ही वह बीएलओ के दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं। गुरूवार को सपोर्टिंग सुपरविजन के दौरान अनिल कुमार व बृजेश कुमार सिंह बताया कि ग्राम सभा सुखनैया के मजरा पश्चिमी झकरेली के मतदाताओं ने मतदाता पर्ची लेने से इंकार कर दिया। साथ ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का बहिष्कार करने की बात कही। वहीं

ग्रामीणों को मतदाता पर्ची देने के लिए स्कूल में बैठे बीएलओ।

● **विद्यालय नहीं होने और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में आक्रोशित हैं लोग**

ग्रामीणों का कहना है कि सुखनैया के मजरा पश्चिमी झकरेली के मतदाताओं द्वारा गांव से संपर्क मार्ग तक सड़क के निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन अभी पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है।

झकरेली गांव में चुनाव बहिष्कार की घोषणा के बाद प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

आबादी के हिसाब से विद्यालय नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मतदाता पर्ची लेने से मना कर दिया। शिक्षक अनिल कुमार तीन दिन से मतदाता पर्ची वितरण के लिए प्रयास कर रहे रहा हैं लेकिन गुरुवार को मतदाताओं ने घर से बाहर निकालकर एक साथ मतदाता पर्ची लेने का विरोध करते हुए चुनाव से बहिष्कार करने की बात कही। साथ ही प्रदर्शन कर विरोध जताते हुए कहा कि वह चुनाव में अपने मत का प्रयोग नहीं करेंगे । शिक्षक ने बताया कि इस घटना क्रम से सेक्टर मजिस्ट्रेट को भी अवगत कराया जा चुका है।

प्रदर्शन करने वालों में श्याम सिंह, अजयपाल सिंह, ओंमकार, विनोद कुमार, मौजीराम, गिरीश आदि शामिल रहे।

> ग्रामीणों को समझाया जाएगा और मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उनकी जो भी मांगे हैं, उनमे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **–महेश कुमार कैथल,** एसडीएम कलान

झोपड़ी में लगी आग, भैंस की मौत, तीन झुलसीं

कलान। थाना परौर क्षेत्र के गांव दसिया के मजरा परवीन नगला निवासी कर्मवीर, महेश चंद, धर्मवीर झोपड़ी डालकर उसमें भैंस बांधते थे। गुरुवार सुबह 10 बजे बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से झोपड़ी में अचानक आग लग गई। जिसमें बंधी एक भैंस की जलकर मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से झुलस गईं।

पुलिस के पहुंचते ही बैकफुट आए ग्रामीण, कहा करेंगे मतदान

खुदागंज। कटरा क्षेत्र के गांव ईश्वरा में बुधवार को ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर मतदान नहीं किए जाने की घोषणा करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया था। अधिकारियों के समझाने पर गुरुवार को बैकफुट पर आ गए। मतदान बहिष्कार के प्रदर्शन को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। सूचना के बाद राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, एडीयो पंचायत पवन कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी हरिओम गंगवार, एसआई डालचंद सहित तमाम अधिकारी गांव पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण बैक फुट पर आ गए और कहा कि अब हम लोग 13 को मतदान करेंगे, बहिष्कार नहीं करेंगे और अपनी सड़क बनाने की मांग को लेकर प्रशासन को भी अवगत कराएंगे। एडीयो पंचायत पवन कुमार ने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझाया। एसआई डालचंद ने ग्रामीणों से एक लिखित पत्र इस संबंध में लिया, जिस पर सभी के हस्ताक्षर कराए गए। दधर, ग्रामीणों से वार्ता के दौरान प्रधान प्रियांशु रजक व दरोगा डालचंद में किसी काम के न करने की बात को लेकर तीखी झड़प हो गई जिसे ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद शांत कराया गया। फिलहाल ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन को अब शांतिपूर्ण मतदान करने का आश्वासन दिया है।

गांव ईश्वरा में ग्रामीणों को समझाते अधिकारी। ● अमृत विचार

शिक्षक विधायक ने विजेताओं को पुरस्कृत कर दिया मतदान का संदेश

पुरस्कृत होने के बाद शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो के साथ विजेता छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत हुई प्रतियागिताओं में प्रशंसनीय कार्य करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. ढिल्लो ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। उन्होंने स्ट्रीट आर्ट वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में वैष्णवी, राशि, प्रेरणा एवं रंगोली प्रतियोगिता में निहारिका, प्रेरणा, सौम्या, शीतल, राशि, वैष्णवी को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने संदेश दिया कि वह अभिभावकों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में सहयोग करने वाली शिक्षिकाओं सुमन शर्मा एवं तृप्ति वर्मा को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय और प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा ने शिक्षक विधायक का स्वागत किया।

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री गौरव पांडेय ने आभार व्यक्त किया। अर्चना सक्सेना के संचालन में चले कार्यक्रम में मंजरी यादव, राम औतार शर्मा, राजेश शर्मा, रवि प्रभा जौहरी, दीपशिखा, रमेश कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे। समापन पर सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई।

बुलावा टोली ने मतदाताओं को किया जागरूक

शाहजहांपुर। जिले में चुनाव की तिथि नजदीक आ गई है, ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बुलावा टोलियों का गठन किया गया हैं। बुलावा टोलियां मोहल्लों में घर-घर और दुकानों पर जाकर लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुए उन्हें 13 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही हैं। गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदाताओं को वोट देने का संदेश दिया।

बॉटनी की छात्राओं ने पंतनगर में लिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की एमएससी वनस्पति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर की तीन छात्राओं को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित हैंड्स ऑन ट्रेनिंग नामक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान तीनों छात्राओं ने इन विट्रो अप्रोचेस टू माइक्रोप्रोपेगेशन एंड मेटाबोलिक प्रोफाइलिंग ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स विषय पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पांडेय ने बताया कि 3 मई से 7 मई तक चले कार्यक्रम में महाविद्यालय से अग्रिमा गुप्ता, सेजल कश्यप व निहारिका ने प्रतिभाग किया। ट्रेनिंग में मुख्य रूप से पादप ऊतक संवर्धन का परिचय, मीडिया की तैयारी और बंध्याकरण तकनीको के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. पांडेय ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुसार भारत सरकार का स्पष्ट रूप से विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने में बढ़ोत्तरी करना चाहती है, इसीलिए स्नातक व स्नातकोत्तर लेवल पर ट्रेनिंग व शोध सर्वे पर विशेष रूप से बल दिया जा रहा है।

पंत नगर में प्रशिक्षण के दौरान एसएस कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

● **एसएस कॉलेज की अग्रिमा गुप्ता, सेजल कश्यप और निहारिका ने किया प्रतिभाग**

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद रज़ा
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., M.C.H
Neurosurgeon
दिमाग एवं रीड़ की हड्डी के विशेषज्ञ
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
डॉ. जावेद ए. खान
M.B.B.S., M.S., Orthopedic Surgeon Truama & Joint Replacement
FACILITIES
•CATHLAB •ICU •CCU •ANGIOPLASTY •NICU •ECHO TMT •ANGIOGRAPHY •HDU •PACEMAKER •DIALYSIS •VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact : 0584-2990926 0581-2990928

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071
डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव
डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटेंट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117
डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393
डॉ. आशीष सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



बिना डॉक्टर कैसे सुधरेगी जनता की सेहत

जिले में संचालित 62 आयुष अस्पतालों में से 19 में चिकित्सक ही नहीं, पीएचसी में चल रहे 30 अस्पताल

दुर्दशा का शिकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिले के आयुष अस्पताल दुर्दशा का शिकार हैं। 62 में से 19 अस्पतालों में डॉक्टर ही नहीं हैं। जबकि 30 अस्पतालों के पास अपने भवन नहीं वह पीएचसी में चल रहे हैं। ऐसे में आयुष अस्पतालों के जरिये लोगों की सेहत सुधारने का सरकार का प्रयास खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। सवाल उठ रहा है कि बीमार और लचर व्यवस्था से स्वास्थ्य में सुधार कैसे होगा। बिना चिकित्सक जनता की सेहत कैसे सुधरेगी।

जब 19 आयुर्वेदिक व यूनानी अस्पतालों में डॉक्टर ही नहीं हैं तो इलाज कौन करेगा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 56 आयुर्वेदिक व छह यूनानी अस्पताल खोले गए हैं। इन अस्पतालों पर योग व्यायाम के साथ देसी जड़ी बूटी से बनी दवाओं को वितरित कर समाज को स्वस्थ बनाया जा रहा है, लेकिन कुछ वर्षों से अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। डॉक्टर न होने से रोगियों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। भरगवां, धन्योरा, सरसवां, पड़रा सिकंदरपुर, चांदापुर, बरेंडा, विरसिंहपुर, देवकली बंडा, बेला खुटार, कुआडांडा खंजन, विक्रमपुर आदि 19 अस्पतालों में चिकित्साधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यह अस्पताल संचालित है। इससे स्वास्थ्य सेवा पर प्रभाव पड़ रहा है।

आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय।

● **तीन अस्पतालों का संचालन किराए के भवन में हो रहा**

कुछ अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। वेलनेस सेंटरों पर लैब टेक्नीशियन व प्रशिक्षक की नियुक्ति प्रस्तावित है। चुनाव बाद समस्या दूर हो जाएगी।
-डा. सिराज अहमद अंसारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी

आयुष चिकित्सा पर जोर दे रही सरकार

आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पतालों में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ डॉक्टर व योग प्रशिक्षक की भी तैनाती की जा रही है। इसी रणनीति के तहत अस्पतालों को आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। अभी भी तमाम अस्पताल नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे हैं। कागजों में सेंटर में ग्रामीण आबादी को औषधीय पौधों से ही इलाज के तरीके बताए जा रहे हैं, लेकिन जब डॉक्टर नहीं हैं तो स्वस्थ रहने के तरीके कौन बता रहा है। यह सवाल बना हुआ है।

उम्मीद...भविष्य में होगा सुधार

अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में आयुष अस्पतालों में काफी सुधार हो जाएगा। यहां प्रशिक्षित चिकित्सकों की तैनाती हो जाएगी व अन्य स्टाफ भी बढ़ाया जाएगा। इससे जनता की सेहत में काफी सुधार होगा। आगे चलकर पीएचसी में चलने वाले आयुष अस्पतालों को अपने भवनों में भी शिफ्ट किया जा सकता है। इसके साथ ही कुछ नए भवनों का भी निर्माण किया जा सकता है।

मरीजों को बेहतर इलाज देने के निर्देश

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बरेली मंडल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के संयुक्त निदेशक ने गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर इलाज दिया जाए और अस्पताल से ही दवाएं दी जाए। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बरेली मंडल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर टीम के साथ गुरुवार सुबह साढ़े 11 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण करते हुए दवा के बारे में जानकारी कर बेड बढ़ाने के निर्देश दिए। ट्रामा सेंटर में मरीजों से जानकारी की। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों से जानकारी कि किस बीमारी के मरीज अधिक आ रहे है। संयुक्त निदेशक एक्सरे कक्ष में गए और डिजिटल एक्सरे के बारे में जानकारी करते हुए पूछा कि कितने एक्सरे हो रहे है। इसी प्रकार अल्ट्रासाउंड में भी मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी की। ब्लड बैंक में निरीक्षण के दौरान पूछा कि ब्लड की कोई कमी तो नहीं है, कर्मचारियों ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में ब्लड है। यहां का निरीक्षण करने के बाद बच्चा वार्ड का निरीक्षण किया।

मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर।

● **बरेली मंडल के संयुक्त निदेशक ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण**

उन्होंने वार्ड में सफाई व्यवस्था देखी। लू वार्ड का निरीक्षण किया और जहां 16 बेड पड़े थे। दवा स्टोर का निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। संयुक्त निदेशक ने निर्देश दिए कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और मरीजों को बेहतर इलाज मिले। निरीक्षण के समय सीएमओ डॉ. आरके गौतम, प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह आदि थे।

रोजा मंडी के स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी ईवीएम

सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का जायजा लेते एसपी अशोक कुमार मीणा।

संवाददाता, रोजा

● **मंडी परिसर में होगी मतगणना एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

अमृत विचार : जिले में 13 मई को मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को मंडी में स्थित स्ट्रांग रूम में रखी जाएगी। वेयर हाउस परिसर में 4 जून को मतगणना होगी। इसकी तैयारी का खाका लगभग खींचा जा चुका है। गुरुवार को एसपी अशोक कुमार मीणा अन्य अफसरों के साथ रोजा मंडी पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्टोर रखने व मतगणना की व्यवस्था देखी। एसपी ने कहा कि सुरक्षा को लेकर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अफसरों को निर्देश दिए कि सुरक्षा के कार्य में कोई शिथिलता न बरती जायें। लोकसभा चुनाव के साथ ददरौल विधानसभा उपचुनाव भी होना है।

कक्षों में ईवीएम बॉक्स के लिए स्थान चिन्हित करने को कहा गया, ताकि मतगणना के दिन अव्यवस्था न हो सके। मतगणना स्थल पर बिजली, पानी व आवागमन के रास्तों की समुचित व्यवस्था पूर्ण करने के भी आदेश दिए।

एक नजर

मामा, भांजी को पीटकर किया घायल

शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बीबीजई हद्दफ निवासी आफरीन ने बताया कि 6 अप्रैल को शाम पांच बजे अपने मामा रिंकू के साथ घर में मौजूद थी। मोहल्ले के इरफान आदि उसके घर में घुस गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे व मामा को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी इरफान तथा पीपा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

डिप्रेशन में आकर वृद्धा ने फंदे पर लटककर दी जान

संवाददाता, पुवायां

● **छह वर्ष पहले पति की हो गई थी मृत्यु, तब से मानसिक तनाव में थी जैबुल निशा**

अमृत विचार: बड़ौरा गांव की बुजुर्ग महिला जैबुल निशा का शव गुरुवार सुबह बरामदे में दुपट्टे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि महिला के पति अमरुल्ला की छह वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। जिसके बाद महिला मानसिक तनाव में रहती थी। उसने लगभग तीन एकड़ जमीन पर सोमवार को गन्ना की बुआई कराई थी। मानसिक तनाव के चलते आए दिन किसी न किसी ग्रामीण पर आरोप लगाया करती थी। बुजुर्ग महिला परिजनों पर धोखे से बैनामा कराने की आशंका में दिन रात हाथों में ग्लव्स पहने रहती थी। बुधवार रात महिला ने बरामदे में दुपट्टे से फंदे लगाकर जान दे दी। सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए लेकिन किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मौत की वजह स्पष्ट करने के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

मानसिक मंदित ने खुद पर किया हमला

पुवायां। कस्बे के एक मानसिक मंदित युवक ने राजीव चौक पर अपने ऊपर ब्लेड से हमला कर खुद को घायल कर लिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। कस्बे का एक युवक मानसिक रूप से मंदित है। कई दिनों से वह कपड़े निकाल कर घूम रहा था तो बुधवार को सिपाहियों ने उसे कपड़े पहनवाए। गुरुवार दोपहर राजीव चौक पर उसने कहीं से ब्लेड लेकर अपने ऊपर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन, सीने और हाथ में चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। राजीव चौक पर भीड़ लग गई। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था में लगाई जाए जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **डीईओ ने ईवीएम व वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण, मॉक पोल को समय से पूरा करने को एआरओ को किया निर्देशित**

अमृत विचार: लोकसभा और ददरौल विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को जीएफ कॉलेज में चल रहे ईवीएम व वीवीपैठ के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण किया।

डीईओ ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों से कमीशनिंग कार्य के संबंध में जानकारी ली और उन्होंने एआरओ को निर्देश दिए कि समय से मॉकपोल पूरा करा लें और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि कमीशनिंग कार्य में जो भी ईवीएम खराब पाई गई उनको डीएम कंपाउंड स्थित वेयरहाउस में रखवा दिया गया है।

● **खराब पाई गई ईवीएम को डीएम कंपाउंड स्थित वेयरहाउस में रखवाया**

ईवीएम कंट्रोल रूम की स्थापना

शाहजहांपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर लोकसभा व ददरौल उपचुनाव के लिए ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के मूवमेंट की ट्रैकिंग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में ईवीएम कंट्रोल रूम की स्थापना कराई है। जिसके संचालन के लिए उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित करते हुए उनके मोबाइल नंबर भी जारी कर दिए हैं। जिसमें डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी चित्रा निर्वाल से उनके मोबाइल नंबर 7505815117 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग रथिन सिन्हा से 9451742801, वरिष्ठ सहायक/तकनीकी सहायक ईवीएम दीपेश द्विवेदी से 9452555500, कनिष्ठ सहायक नितिन कश्यप से उनके मोबाइल नंबर 8840430215 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामित अधिकारी-कर्मचारियों को कंट्रोल रूम संचालन के संबंध में निर्देश दिए हैं।

जीएफ कॉलेज में निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह।

छूटे कार्मिकों ने सेंट पाल्स में लिया द्वितीय प्रशिक्षण

शाहजहांपुर। लोकसभा व ददरौल उपचुनाव के लिए सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज में 4-9 मई तक चल रहा द्वितीय प्रशिक्षण गुरुवार को समाप्त हो गया। गुरुवार को उन 241 कार्मिकों को बुलाया गया था, जिन्होंने किन्हीं कारणों से प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया था। जिनमें से 7 कार्मिक अंतिम दिन भी प्रशिक्षण प्राप्त करने नहीं पहुंचे। जिनकी सूची तैयार कर ली गई है। इन कार्मिकों को दोबारा प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर सीडीओ की ओर से प्रदान किया गया था। डीडीओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि छूटे हुए कार्मिकों को प्रशिक्षण लेने के लिए मौका दिया गया था। सात कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

अनुपस्थित 54 कार्मिकों पर रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। लोकसभा चुनाव के लिए 4-9 मई तक सेंट पाल्स इंटर कॉलेज में आयोजित मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण गुरुवार को समाप्त हो गया। वहीं प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को अलग-अलग तारीखों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का सीडीओ की ओर अवसर प्रदान किया गया था। ताकि यह लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। उसके बाद भी 54 कार्मिक ऐसे रहे जोकि प्रशिक्षण लेने नहीं पहुंचे। जिनकी सूची तैयार करते हुए एफआईआर के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन के बाद बीएसए की ओर से सदर थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

ट्रॉली से कुचलकर ठेकेदार की मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

अमृत विचार: कांट-जलालाबाद रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार लकड़ी के ठेकेदार की ट्रॉली से कुचलकर मौत हो गई और उसका साथी घायल हो गया। चालक वाहन छोड़कर भाग गया। काट थाना में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गौसनगर निवासी इमरान(25) लकड़ी का ठेकेदार था। ठेकेदार ने एक सप्ताह पूर्व किसी के हाथ लकड़ी बेची थी। वह बेची गई लकड़ी के पैसे लेने गांव बरेंडा अपने साथी रमेश के साथ बाइक से गया था।

बरेंडा गांव से शाम सात बजे अपने साथी के साथ बाइक से गांव वापस लौट रहा था। जमुनिया गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे ठेकेदार के ऊपर ट्रॉली का पहिया निकल जाने से मौके पर मौत हो गई और उसका साथी घायल हो गया था। घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कांट प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि मृतक के भाई ताहिर की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसकी शादी नहीं हुई थी और छह भाइयों में सबसे छोटा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना गच गया।

पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

● **बरेंडा गांव से बाइक से लौट रहा था इमरान एक घायल रिपोर्ट दर्ज**

मृतक इमरान

जालौन में मजदूरी करने गए युवक की मौत

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार: परिवार का पालन पोषण करने के लिए जालौन में मजदूरी करने गए पुवायां के युवक की हादसे में मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

पुवायां के गांव बद्रीपुर हदीरा निवासी लाल सिंह का पुत्र विजय एक माह पहले जालौन मजदूरी करने गया था। उन्होंने बताया कि अजालौन में बुधवार शाम को वह ट्रैक्टर-रीपर चला रहा था। रीपर चलाते समय अचानक वह उसमें फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घर पर सूचना पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रोशनी बार-बार बेसुध हो रही थी। पति की मौत से उसके ऊपर दोनों छोटे बच्चों की जिम्मेदारी आ गई है।

मृतक विजय।

फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

तिलहर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने रैपिड रिस्पांस फोर्स व असम पुलिस के जवानों के साथ नगर और ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। सीओ प्रयांक जैन व कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

गुरुवार को कोतवाल विशाल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस बल, रैपिड रिस्पांस फोर्स व असम पुलिस के जवानों ने ख्वाजा सराय उर्फ सरैया, लखोहा, एवं बांध गांव में पुलिस के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। हलका इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव में उपद्रव करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

पंचनामा में नहीं था दुष्कर्म के आरोपों का जिक्र, नहीं बनाई गई स्लाइड

बहगुल नदी के पुल पर ट्रेन से कटकर छात्रा के शरीर के हो गए थे दो टुकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बहगुल नदी रेलवे पुल पर मिले छात्रा के शव का मामला

अमृत विचारः बहगुल नदी रेलवे पुल पर मिले छात्रा के शव का कटरा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिससे पता चला है कि छात्रा के शरीर के दो टुकड़े हो गए थे और पीठ में खरोंच के निशान थे। परिजनों ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। हालांकि दुष्कर्म की पुष्टि के लिए कोई स्लाइड नहीं बनाई गई है। ऐसा पंचनामे में दुष्कर्म के आरोपों का जिक्र न होने के चलते हुआ। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि दो युवकों ने उसे ट्रेन के आगे फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र की निवासी 17 वर्षीया इंटरमीडिएट की छात्रा के एक विषय में कम अंक आए थे। बुधवार सुबह दस बजे वह इंप्रूवमेंट परीक्षा का फार्म के लिए कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। छात्रा के भाई ने उसे दूसरे समुदाय के दो युवकों के साथ बाइक से जाते हुए देखा था। छात्रा की मां व बहन उसकी तलाश में निकले। जिसके बाद उसका शव बरामद हुआ। फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने कहा था कि घटनास्थल कटरा क्षेत्र की है। जिसके बाद फतेहगंज और कटरा पुलिस में कई घंटे तक सीमा विवाद होता रहा। सीओ फतेहगंज पूर्वी गौरव सिंह और सीओ तिलहर प्रयांक जैन घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने अपने अधिकारियों को जानकारी दी थी। अधिकारियों ने आदेश दिया था कि कटरा पुलिस पोस्टमार्टम कराके रिपोर्ट फतेहगंज पूर्वी थाने को भेज देगी। मां ने आरोप लगाया था कि दो युवक बेटी को रेलवे लाइन के किनारे ले गए और इंजन के आगे धक्का देकर मार डाला। कटरा पुलिस ने बुधवार रात शव का पोस्टमार्टम कराया। छात्रा के शरीर के दो टुकड़े हो गए थे और पीठ में हल्की खरोच थी। पुलिस का कहना है कि परिवार वालों ने पहले दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया था। फतेहगंज पूर्वी थाने पहुंचने पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। जिससे दुष्कर्म का जिक्र पंचनामे में नहीं किया। ऐसे में दुष्कर्म की जांच को स्लाइड नहीं बनाई गई।

नक्शे में घटनास्थल फतेहगंज पूर्वी

फतेहगंज पूर्वी और कटरा थाना पुलिस के बीच घटनास्थल को लेकर कई घंटे तक विवाद रहा था। फतेहगंज पूर्वी के एसडीएम और लेखपाल नक्शा लेकर पहुंचे तो देखा गया कि शव जिस स्थान पर शव पड़ा था, वह फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में आता है, लेकिन अधिक विवाद न हो इसलिए अधिकारियों के कहने पर कटरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। इधर, कटरा स्टेशन मास्टर हनीफ को ट्रेन के लोको पायलट ने लड़की के कटने की जानकारी दी थी।

> अधिकारियों के कहने पर पोस्टमार्टम करवा दिया गया था। छात्रा के शरीर के दो टुकड़े हो गए थे। घटना के समय दुष्कर्म का कोई आरोप नहीं था। इसलिए पंचनामे में स्लाइड के लिए नहीं लिखा गया। परिवार वालों ने बाद में फतेहगंज पूर्वी थाने पर पहुंचकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। फतेहगंज पूर्वी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद फतेहगंज पूर्वी थाने को भेज दी जाएगी।
>
> – गौरव त्यागी, थाना प्रभारी कटरा

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

शादी से इंकार, प्रेमी के दरवाजे पर प्रेमिका ने दिया धरना

संवाददाता, कलान

- युवक के घर के बाहर तीन घंटे तक बैठी रही युवती, प्रेमी के परिजन हुए लापता
- लोगों के समझाने पर बमुश्किल हुई शांत, समझौता करने के प्रयास में जुटे लोग

अमृत विचारः शादी से इनकार करने पर प्रेमिका प्रेमी के दरवाजे पर धरना देकर बैठ गई। काफी समझाने के तीन घंटे बाद मौके से हटी। मामला थाने नहीं पहुंचा। मामला सत्ता पक्ष से जुड़ा होने के कारण प्रेमिका पक्ष पर दबाव डालकर समझौता करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर के एक मोहल्ले की एक लड़की का नगर के ही एक युवक से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। प्रेमी ने शादी का झांसा देकर प्रेमिका को अपने विश्वास में ले लिया। दोनों चोरी-छिपे एक दूसरे से मिलते रहे। लेकिन प्रेमी के शादी से इंकार करने पर प्रेमिका का पारा हाई हो गया। वह गुरुवार सुबह 9 बजे प्रेमी के घर के पास पहुंच गई और खरी-खोटी सुनानी शुरू कर दी। प्रेमी के परिजनों ने दरवाजा बंद कर लिया और इधर-उधर खिसक लिए। इस पर प्रेमिका प्रेमी के दरवाजे पर धरना देकर बैठ गई। सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक बैठी रही लेकिन युवक का परिजन उसके पास नहीं आया। प्रेमी के परिजनों ने कई लोगों को उसके पास भेजा। उन लोगों ने कहा कि तुम घर चलो बाद में मामला निपटा लिया जाएगा लेकिन वह इस बात अड़ी रही कि प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ विश्वासघात किया। बमुश्किल लोगों ने प्रेमिका को प्रेमी के दरवाजे से हटाया। मामला सत्ता पक्ष से जुड़ा होने के कारण प्रेमिका पक्ष पर दबाव डालकर समझौता करने का प्रयास किया जा रहा है।

भाकियू ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर की पंचायत



पंचायत में मौजूद भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

- बीडीओ को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन, समस्या निराकरण की मांग

अमृत विचार : विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने गुरुवार को खंड विकास कार्यालय परिसर में पंचायत की और इसके बाद बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें चेतावनी दी गई कि यदि 14 मई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू आंदोलन करने को बाध्य होगी।

पंचायत में किसानों ने कहा कि गांव ऐंठापुर में रक्षपाल के मकान के पास जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्य अभी भी अधूरे पड़े हुए हैं।

भीषण गर्मी में अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं, जिस वजह से पशु, पक्षी प्यास से व्याकुल हो रहे हैं।राघवपुर के गांव भरतापुर में टंकी है लेकिन उनमें पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। किसानों ने गांव नकटिया में जर्जर बिजली लाइन बदलवाए जाने और दियूरिया गांव में पोषाहार वितरण नहीं किए जाने का मामला भी पंचायत में उठाया। इसके बाद इन्हीं समस्याओं को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मंडल महासचिव देवेंद्र पाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष पूसेराम वर्मा, आत्माराम, अन्नपूर्णा, रक्षपाल सिंह आदि शामिल रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रौतापुर में 16 से शुरू होगी रामकथा

खुटार। गांव रौतापुर कलां में स्थित देवस्थान श्री जियन बाबा स्थान पर 16 मई से रामकथा के साथ ही यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य की शिवानी शास्त्री के मुखारविंद से रामकथा होगी। इस रामकथा आयोजन में शंकर झांकी ग्रुप बाराबंकी के कलाकारों द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी। जनपद पीलीभीत के यज्ञाचार्य अनुज शर्मा के द्वारा विष्णु मानव शांति यज्ञ की शुरुआत की जाएगी। रामकथा का समय चार बजे से शाम छह बजे और रात आठ से 12 बजे तक है। यह रामकथा 20 मई तक होगी।

बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज : शाहजहांपुर। कांट क्षेत्र के गांव अकर्रा रसूलपुर निवासी त्रिवेणी वर्मा ने बताया कि 26 अप्रैल की रात उसका भाई प्रजापति वर्मा बाइक से गांव आ रहा था। खाटू श्याम मंदिर के पास बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल भाई की 30 अप्रैल को अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस ने बोलेरो चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धधक रहे खुटार के जंगल, वन विभाग लापरवाह

बरबटपुर जंगल में आग लगने से कई पौधे जले, झुलस गए पेड़, नहीं पहुंचा कोई वनकर्मी

वन विभाग की लापरवाही

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: बरबटपुर जंगल में आग लगने से कई पौधे जलकर राख हो गए हैं। सूचना पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने मौके पर खुद जाने और वनकर्मियों को भेजने की जरूरत नहीं समझी। इससे जंगल में लगभग तीन बीघा का एरिया आग की चपेट में आ गया। जिससे पौधा, खर जलने से काफी नुकसान हुआ है। लेकिन वन विभाग ने वहीं जवाब फिर से दे दिया कि नुकसान कितना हुआ है। इसका आकलन नहीं किया है। खास बात यह है कि जंगलों में कई बार आग लग चुकी है। इसके बावजूद रेंजर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बुधवार दोपहर में फतेहपुर बीट के बरबटपुर जंगल में अचानक आग लग गई थी। लोगों ने सूचना वन विभाग को दी थी। आग जंगल किनारे होते हुए खेतों की ओर पहुंच गई। लेकिन रेंजर और वनकर्मी नहीं पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए सिर्फ वाचरों को भेज दिया गया। जो आग बुझाने की मशीन लेकर पहुंचे। जहां मशीन खराब हो गई।

वाचरों के काफी प्रयास के बाद भी मशीन सही नहीं हुई। इसके बाद वह पेड़ की टहनियों से आग बुझाने में जुटे रहे। तेज गर्मी और हवा से आग ओर फैलती चली गई। इससे आग खेतों की तरफ पहुंच गई। डर यह भी था कि कहीं गांव में न पहुंच जाए। वाचरों ने करीब ढाई घंटे के बाद बमुश्किल आग पर काबू पा लिया। लेकिन आग की चपेट में तीन बीघा जंगल जल गया। जंगल में पौधे के साथ ही खर जलकर राख हो गया। रेंजर और वनकर्मियों की लापरवाही से काफी नुकसान हो गया है। लेकिन इस बात का जरा भी ध्यान नहीं है कि जंगल में कितना नुकसान हुआ है। इससे वन विभाग को काफी क्षति पहुंची है। लेकिन रेंजर को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

बरबटपुर जंगल में आग बुझाते वाचर। ● अमृत विचार

मशीन को ठीक करने का प्रयास करते वनकर्मी।

चार बार पहले भी लग चुकी है आग

30 मार्च को सिहुरा बीट के सरायं जंगल में आग लग गई थी। आग से काफी नुकसान हो गया था। इसके अलावा दो अप्रैल को लौहगांपुर जंगल, 27 अप्रैल को बरबटपुर जंगल में और 28 अप्रैल को उसी जंगल में फिर से आग लग गई थी। इससे काफी नुकसान पहुंचा था। इस मामले में स्थानीय वन अधिकारियों से पूछा गया तो कह दिया कि नुकसान नहीं हुआ है। बुधवार को फिर से बरबटपुर जंगल में आग लगने से नुकसान हो गया है। लेकिन रेंजर और वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। केवल आग बुझाने को केवल वाचरों को भेज दिया गया।

● आग बुझाने वाली मशीन हुई खराब वाचरों को करनी पड़ी मशक्कत

आग कैसे लगी, नहीं की छानबीन

खुटार वन रेंज के जंगलों में अचानक आग लगती रही और पौधे जलकर राख हो गए। लेकिन नुकसान कितना हुआ है। उसका अभी भी अता पता नहीं है। साथ ही आग कैसे लगी है। इसकी छानबीन करने की जरूरत नहीं समझी गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेंजर और वनकर्मी कितना ध्यान से रहे है। वैसे भी जंगल में कटान से वन संपदा बाग में तब्दील होकर रहे गई है।

आग लगने की सूचना पर वनकर्मियों को भेजा गया था। आग लगने का सीजन चल रहा है। पत्ते और खर जला है। कोई नुकसान नही हुआ है। आंकलन कराया जाएगा। – **डॉ. सुशील कुमार**, एसडीओ वनविभाग शाहजहांपुर

ब्लॉक को लेकर एक घंटा खड़ी रही पंजाब मेल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : राम प्रसाद बिस्मिल स्टेशन पर रेल पटरी पर कार्य को लेकर डाउन लाइन में एक घंटे का ब्लॉक दिया गया। इस दौरान लखनऊ की ओर जाने वाली पंजाब मेल तथा मालगाड़ी एक घंटे खड़ी रही। रेल पथ निरीक्षक ने राम प्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन पर रेल पटरी पर मरम्मत कार्य को लेकर कंट्रोल से डाउन लाइन पर ब्लॉक मांगा। कंट्रोल ने दिन में पौने 11 बजे से पौने 12 बजे तक ब्लॉक दिया। इस दौरान रोजा की ओर जाने वाली मालगाड़ी को प्लेटफार्म दो की रेल लाइन पर रोक दिया गया। इसी प्रकार लखनऊ दिशा की तरफ जाने पंजाब मेल को प्लेटफार्म एक की रेल लाइन पर रोक दिया। जबकि रोजा में डाउन लाइन पर मालगाड़ी को रोक दिया गया था। एक घंटे बाद पंजाब मेल को रवाना किया। उसके बाद मालगाड़ी को भी रवाना किया गया। इधर डाउन लाइन की गंगा समलज एक्सप्रेस, सियालदहा एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस विलंब से पहुंची।

भाजपा प्रत्याशी अरविंद ने घर-घर पहुंच मांगा समर्थन

ददरौल क्षेत्र के गांव में वोट मांगते भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● ददरौल उप चुनाव में अरविंद सिंह ने झोंकी ताकत, दलबल के साथ वोट मांगने निकल रहे

अमृत विचार: ददरौल विधानसभा के उप चुनाव में प्रचार तेज करते हुए भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह ने दलबल के साथ विधानसभा क्षेत्र के गई गांवों का भ्रमण करते हुए वोट और विजयी होने का आशीर्वाद मांगा।

भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह ने अभायन, बहलोलपुर, नानकपुर, बरनावा, अलियापुर, अख्त्यारपुर बघौरा, महमदपुर अजमाबाद, तुलापुर आदि गांवों में जन सभाएं कर वोट मांगे। इस दौरान अरविंद सिंह ने पिता मानवेंद्र सिंह को याद करते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह सभी के सुख-दुख में शामिल होकर क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कराएंगे। पिता के सपनों को पूरा करते हुए सभी की समस्याओं का निस्तारण कराना उनकी वरीयता होगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने भी कुछ गांवों में जनसभाएं करते हुए पार्टी प्रत्याशी अरविंद सिंह को विजयी बनाने की अपील की। चुनाव प्रचार में पूर्व एमएलसी संजय कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, भूरे दीक्षित, सत्येंद्र गौतम, जग्गू मिश्रा, हरजीत सिंह चौहान, बिरजू मिश्रा, हलधर सिंह, शिव प्रताप भदौरिया, मनुज दीक्षित, पप्पू तिवारी, जगदीश सिंह यादव, मेघनाथ पाल, रामदयाल कश्यप, प्रमोद वर्मा, श्रीकृष्ण वाल्मीकि आदि शामिल रहे।

भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील

पुवायां। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुराग सिंह ने सहकार भारती के जिला अध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी, महेश शर्मा, ओमेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह के साथ इलाके के गांव कनपारा, भटीयूरिया, बहलोलपुर, फूटाकुआं, नगरिया, नगरिया आदि में जनसंपर्क कर पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर को वोट देने की अपील की।

छप्पर डालने के विरोध पर युवक को किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कटरा थाना क्षेत्र के गांव रेहरा निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि गांव के गुड्डू ने अपने मकान के बाहर छप्पर डाल रखा था, जिससे कार निकलने में काफी परेशानी होती है। 5 मई की शाम छह बजे सुरजीत सिंह ने आरोपी गुड्डू से कहा कि रास्ते से छप्पर हटा लो, नहीं तो छप्पर टूट जाएगा। इस बात से आरोपी नाराज हो गया और गाली देने लगा। आरोप है कि आरोपी मकान में घुस गए और मारपीट की। उसका आरोप है कि तहरीर देने थाने पर जा रहा था। रेलवे फाटक कटरा के पास आरोपियों ने घेर लिया और सुरजीत को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने गुड्डू, उधम, के पी संजू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना की विवेचना कर रही है।

धूप और गर्मी से आंखों में होने लगी दिक्कत, अस्पतालों में मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मेडिकल कॉलेज में पचास मरीज आते थे, अब आ रहे रोजाना दो सौ मरीज

अमृत विचार: गर्मी तथा लू की वजह से आंखों में कई बीमारियां होने लगी है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में आंखों की बीमारी के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आंखों का लाल होना, आंखों में खुजली मचना, आंखों में जलन आदि के मरीज आ रहे है। एक दिन में करीब दो सौ मरीज आ जाते है। डॉक्टर ऐसे में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे है।

गर्मी के मौसम तथा लू को लेकर आंखों में विपरीत प्रभाव पड़ने लगा। गर्मी के मौसम में शरीर के साथ आंखों की देखभाल भी जरूरी है। इस मौसम में आंखों में तरह-तरह की बीमारी होने लगती है। मेडिकल कॉलेज में गर्मी से पहले आंखों के रोग के प्रतिदिन पचास मरीज आते थे। लेकिन आंखों के रोग के प्रतिदिन दौ सौ मरीज आ रहे है। जो मरीज आ रहे है किसी की आंखें लाल होना, आंख में जलन मचना, आंख में खुजली होना, आंखों का दुखना तथा थकान का अनुभव आदि होना है।

मेडिकल कॉलेज के डॉ. आदित्य आर्य ने बताया कि चालीस साल की उम्र के बाद नजर कमजोर होने लगती है और मोतियाबिंद होने लगता है। नजदीक का दिखना कम होने लगता है। व्यक्ति को इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। किसी नेत्ररोग विशेषज्ञ को दिखाना चाहिए। थकान महसूस हो तो दिन में चार या पांच बार ठंडे पानी से आंख को धोना चाहिए, जिससे राहत मिलेगी। आंखों पर जलन मचे तो रगड़ना नहीं। खीरे का टुकड़ा या आलू काटकर एक टुकड़ा आंख पर रखने काफी राहत मिलती है। मेडिकल कॉलेज के डॉ. आदित्य आर्य ने कहा कि गर्मी के मौसम में आंखों की बीमारियां बढ़ जाती है। इस लिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

आंखों का चेकअप करते डॉ. आदित्य आर्य।

ये बरतें सावधानी

धूप से बचने के लिए काला चश्मा आंखों पर लगाए, आंखों को दिन में तीन या चार बार ठंडे पानी से धोएं, आंखों में खुजली मचे तो रगड़े नहीं, एलर्जी से बचने के एंटी एलर्जी की दवा खाए, आंखों में दवा बिना डाक्टर के सलाह के न डाले।

व्यापारियों ने दिया भाजपा को समर्थन

शाहजहांपुर। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं व्यापारी नेता किशोर कुमार गुप्ता ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को पत्र देकर भाजपा को खुला समर्थन देने की घोषणा की। मनीष गुप्ता द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में महासम्मेलन संगठन के जिला अध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हुई राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष विधायक नीरज बोरा के मार्गदर्शन में भाजपा को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मनीष गुप्ता, रोहित गुप्ता, राजीव गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मंत्री सुरेश खन्ना को समर्थन पत्र देते व्यापारी नेता किशोर कुमार गुप्ता।

बैंक जाने को निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

निगोही, अमृत विचार : पांच दिन पहले बैंक जाने के लिए निकली महिला घर नहीं लौटी। पीड़ित पति ने अनहोनी की आशंका जताते हुए बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

निगोही क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी चार मई को सुबह 9:30 बजे घर से बैंक जाने की बात कह कर निकली थी। साथ में सात वर्ष की बेटी और चार वर्ष के बेटे को भी ले गई। दोपहर तक जब वह नहीं लौटी तब उसने तलाश शुरू की लेकिन उसका पता नहीं चला। पति ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पीड़ित पति का कहना है कि वह अपने साथ सारे जेवर और 35 हजार रुपये, मोबाइल भी साथ ले गई है। जिस पर कॉल करने से स्विच ऑफ बता रहा है। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पत्नी और बच्चों की बरामदगी की गुहार लगाई है।

भूसे के ढेर में आग लगाने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जगन्नाथपुर गांव में खेत पर स्थित भूसे के ढेर में आग लग जाने से डेढ़ सौ यूकेलिप्टस पौधे जल गए। आरोप है कि भूसे के ढेर में आग लगा दी थी। दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। कटरा थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी अमृता देवी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके खेत में आठ ट्राली भूसा का ढेर था। उसका आरोप है कि दोपहर को नगरा गांव के एक युवक ने भूसे के ढेर में आग लगा दी, जिससे भूसा जल गया। साथ खेत की मेड़ पर लगे सौ यूकेलिप्टस के पौधे भी जल गए। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बदल चुका है शाहजहांपुर का नक्शा

जनसभा में उपस्थित कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, सांसद प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार व अन्य।

संवाददाता, शाहजहांपुर/जलालाबाद/निगोही

● रामचरन लाल धर्मशाला में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने मांगे वोट

अमृत विचार: रामचरन लाल धर्मशाला खिरनी बाग में गुरुवार को चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि कांग्रेस झूठ के आधार पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी है। वह कहती है कि भाजपा को 400 सीटें दीं तो पीएम मोदी संविधान बदल देंगे। खन्ना ने कहा कि पीएम की एक गारंटी वह देते हैं कि जब तक देश की संसद में एक भी भाजपा का सांसद है, किसी भी तरह का संविधान में संशोधन नहीं होने दिया जाएगा।

सभा में लोकसभा प्रत्याशी सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के पास कोई भी नेता नेतृत्व करने लायक नहीं है, इसीलिए आज तक प्रधानमंत्री का नाम सामने नहीं लाया गया। भाजपा ने जो कहा, वह किया। आज शाहजहांपुर का नक्शा बदल चुका है। बैठक में पूर्व सभासद नरेंद्र मिश्र गुरु, नीरज बाजपेई, सचिन बाथम, नलिनी ओमर, वेद प्रभा बाजपेई, हेमा कश्यप, दिलीप गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन अनिल मालवीय ने किया।

उधर, मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण सागर के समर्थन में जलालाबाद के एक लॉन में सामाजिक सभा को संबोधित कर कमल खिलाने की अपील की। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने निगोही ब्लाक स्थित खेड़ासंडा में लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर के समर्थन में सभा को संबोधित कर हर बूथ पर कमल खिलाने की अपील की। जलालाबाद विधानसभा में हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, डीपीएस राठौर, राजेश कश्यप ने भी संबोधन दिया।

Public Notice

General Public is hereby informed that Deepanshu Sharma S/o Naresh Chandra Sharma owner/ incharge Hamara Bachpan Play School, address – B12, Krishna park Colony, near Dass Degree College, Budaun, U.P. 243601 having branch office – Opposite Police Parade Ground, Budaun (U.P.) 243601 are no way associated with the "Bachpan" Play School. "Bachpan" is the registered trademark of M/s S.K. Educations Pvt. Ltd. And only they have execlusive right to use. All the student, parents, staff of the school and general public at large are requested to adhere to the public notice.

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
सोरों रोड, जिला मुख्यालय (कासगंज)
पत्रांक : 3941/वि.ख. (ग्रामीण) कासगंज दिनांक : 09-05-2024

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री सन्तोष कुमार पुत्र श्री राम लाल निवासी-141, मौ. धनपाल, गजंखुडवारा पो. गजंडुण्डवारा, जनपद-कासगंज जो कि विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) कासगंज के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड कार्यालय के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, गजंडुण्डवारा में कार्यरत थे, विभागीय सेवा में कार्यरत रहते हुए बीमारी के कारण दिनांक 25.11.2023 को यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल नेहरू नगर, गाजियाबाद (उ.प्र.) चिकित्सा के दौरान मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी श्रीमती विनीता देवी पत्नी स्व. श्री सन्तोष कुमार निवासी-141 मौ. धनपाल, गजंडुण्डवारा पो. गजंडुण्डवारा, जनपद-कासगंज द्वारा मृतक आश्रित कोटे में सेवायोजन हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः श्रीमती विनीता देवी के अतिरिक्त सेवायोजन हेतु यदि कोई उनका दावेदार है तो वह इस सूचना के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपना दावा/आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। प्रकाशित समाचार पत्र में निर्धारित समय में व्यतीत होने के उपरान्त सेवायोजन हेतु यदि कोई अपना दावा/ आवेदन प्रस्तुत करना है तो वह अस्वीकार होगा।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
कासगंज।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

पंजाब नैशनल बैंक
सस्त्र सेन्टर, सीओ : बरेली सी-18/बी, प्रथम तल, डी.डी. पुरम, निकट गंगाशील हॉस्पिटल बरेली यू.पी.
शुद्धि पत्र
दि. 04.05.2024 को अमृत विचार में प्रकाशित विज्ञापन में त्रुटिवश दिनांक 20.05.2023 प्रकाशित हो गयी है जिसे सुधारकर दिनांक 04.05.2024 पढ़ा व समझा जाये।
दि. 10.05.2024 प्राधिकृत अधिकारी

NOTICE

This is to be notify that my real name is Fahmina Tahir kazmi mentioned in all the govt. documents, whereas my Nick name is fahmina Mary instead of real name by mistaken it was written Fahmina Mary in the child's admission record that I am Correcting it for Future's sake of Child's Admission name to be get corrected for future & .i will be known to be my original name Fahmina Tahir kazmi for all purposes. **FAHMINA TAHIR KAZMI W/o SIMON PATRICK R/o 31/7, Industrial Colony, C.B. Ganj, Bareilly.**

सूचना

मेरे पासपोर्ट No L3705305 में मेरा नाम Tajim दर्ज है,जो गलत है, आधारकार्ड व पैनकार्ड के अनुसार सही नाम Mohd. Tazim Qureshi दर्ज किया जाए, भविष्य में मुझे Mohd. Tazim Qureshi S/o Babbu Qureshi निवासी निकट खजूर वाली मस्जिद, हजियापुर, बरेली उ.प्र.-243005 के नाम पते से जाना पहचाना जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आवश्यकता है
अनुभवी
कंप्यूटर ऑपरेटर
(योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा)
एवं
फार्मासिस्ट
(योग्यता डी. फार्मा अथवा बी. फार्मा)
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, कमरा नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

एच.एन.ए. रूहेलखण्ड डिग्री कॉलेज
खेड़ा बझेड़ा तिलहर शाहजहाँपुर
सम्बद्ध : एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
आवश्यकता है
बी.ए. स्नातक विषय में प्रवक्ता **भूगोल-01 पद** योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो प्रतियों में 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक से या स्वयं जमा कर सकते हैं। वेतन मानकानुसार।
प्रबन्धक
मो. 9410448834

एक नजर

सुबह सात से 9:30 तक बंद रहेगी बिजली

तिलहर। बिजली विभाग की ओर से शाहजहांपुर से आने वाली 132 केवीए बिजली लाइन पर मरम्मत का काम किया जाएगा। एसडीओ सौरभ शाक्य ने बताया कि लाइन मरम्मत कार्य करने के लिए पावर हाउस तिलहर नगर, तिलहर ग्रामीण, बंथरा, मीरानपुर कटरा, जैतीपुर व खुदागंज की बिजली सप्लाई 10 मई दिन शुक्रवार को सुबह 7 बजे से सुबह 9 :30 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि असुविधा के लिए उपभोक्ता बिजली विभाग का सहयोग करें।

बिना परमिट काटा आम का पेड़, दो पर केस

पुवायां। क्षेत्र के सतवां बुजुर्ग गांव के पश्चिम में एक आम का विशाल पेड़ खड़ा था। खेत पर काम करने वाले किसान धूप से बचने के लिए उस पेड़ के नीचे बैठ जाया करते थे। गुरुवार सुबह किसी ठेकेदार ने उस पेड़ को चोरी छुपे काट लिया। गांव के किसी व्यक्ति ने रेंजर को सूचना दी। रेंजर ने गांव में टीम भेज कर जांच कराई तो पेड़ बिना परमिट कटा पाया गया। रेंजर वीरेश राव ने बताया कि सतवा गांव में अवैध रूप से आम का पेड़ काटा गया है। जिसमें किसान अनुरोध व मुबारकपुर निवासी ठेकेदार रामकीरत के खिलाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मोमोज के रुपये मांगने पर ठेले वाले को पीटा

पुवायां। मोमोज के पैसे मांगे पर एक व्यक्ति ने ठेले वाले को लात घूसों से पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। क्षेत्र के नाहिल गांव के विमलेश ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा भाई अर्पित गुरुवार को शाम 4 :30 बजे बाजार में मोमोज का ठेला लगाए हुए था। तभी गांव के एक व्यक्ति ने आकर मोमोज खरीदे। मोमोज देने के बाद अर्पित ने जब पैसे मांगे तो आरोपी व्यक्ति ने अर्पित को लात घुसों से पीटा और ठेले पर रखा सामान भी फेंक दिया। वहीं कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

हत्या के नौ साल पुराने मामले में पिता-पुत्र समेत चार को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता,शाहजंहापुर

- 2005 में पिता-पुत्र की बंदूक से गोली मार कर दी थी हत्या, पड़ोसी पर किया था जानलेवा हमला

अमृत विचार: हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर पिता-पुत्र समेत चार लोगों को उम्रकैद की सजा और चार लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

न्यायालय एएसजे-42 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के उपरांत थाना मिर्जापुर में अभियुक्तों द्वारा वर्ष 2015 में पिता-पुत्र की बंदूक से हत्या कर देने और पडोसी भोला को जान से मारने की नीयत से हमला करने के आरोपी रामआसरे, फूलसिह पुत्रगण जंगी, रामकिशोर उर्फ घुम्मन पुत्र रामआसरे निवासी बख्तावरगंज थाना मिर्जापुर, ब्रजपाल पुत्र लाखन निवासी मोहकमपुर को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास व प्रत्येक को एक- एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त रामआसरे को आयुध अधिनियम में दो वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया।

परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

मुख्यमंत्री ने गोला और मोहम्मदी की जनसभा में सपा-कांग्रेस पर बोला हमला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ मोहम्मदी (खीरी)

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोला और मोहम्मदी की जनसभा में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की उम्मीदवारी वाली कन्नौज सीट समेत उनके परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी वाली सभी पांचों सीट पर सपा की हार सुनिश्चित है। राज्य में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। गोला गोकर्णनाथ

के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन और मोहम्मदी के रामलीला मैदान में धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिए जनसभा करते हुए महाराणा प्रताप को नमन किया। कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। कहा कि सपा की सरकार में आम जनता के लिए, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए इनके पास कोई कार्ययोजना नहीं थी, लेकिन माफिया और अपराधी को अपने गले का हार बनाकर पूरे देश को अराजकता की आग में झोंकने के लिए तैयार रहते थे। सपा की सरकार में दंगा होता था, रोज कर्फ्यू लगता था। अब किसी की आंख दिखाने तक की हिम्मत नहीं है।

सत्ता में आए तो किसानों का कर्ज करेंगे माफ : अखिलेश

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। अग्निवीरों की सरकारी नौकरी होगी। भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहती है। अबकी जनता संविधान बदलने वालों को ही बदल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और करसा में धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के समर्थन में जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कहकर संविधान के पीछे पड़ी है। तिकुनियां कांड का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के बेटे ने थार गाड़ी से किसानों व एक पत्रकार को कुचल दिया। किसान दिल्ली पहुंचा तो वहां भी कुचलने का काम किया गया। इसका जनता वोट से जवाब देगी।

परीक्षा फार्म फारवर्ड न करने से छात्रों की छूट जाएगी परीक्षा

परेशान छात्रों ने बरेली कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: बरेली कॉलेज के छात्रों ने परीक्षा फार्म फारवर्ड न करने का आरोप लगाते हुए प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव किया। छात्रों का कहना है कि उनका प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो रहा है। 10 मई से होने वाली उनकी परीक्षा छूट जाएगी। प्राचार्य ने छात्रों को रुहेलखंड विवि में परीक्षा नियंत्रक के पास भेजा लेकिन वहां बिना विलंब शुल्क के फार्म सत्यापित करने से इन्कार कर दिया गया है।

बरेली कॉलेज के बीए और बीएससी के चतुर्थ और सेमेस्टर के करीब 30 छात्रों ने परीक्षा फार्म भरकर कॉलेज में जमा किए थे। छात्रों का आरोप है कि उन्हें रसीद नहीं दी गई थी। अब उनके प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट से डाउनलोड नहीं हो रहे हैं। जब कॉलेज में पता किया तो बताया गया कि रसीद न होने की वजह से फार्म फारवर्ड ही नहीं किए गए। छात्रों का कहना है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अब वह शुक्रवार को फिर से प्राचार्य से मामले की शिकायत करेंगे। प्राचार्य का घेराव करने वालों में समाजवादी छात्रसभा के मुकेश यादव, संजय मेवाती, राशिद मेवाती, विद्यार्थी रश्मि सिंह, प्रीति देवी, शिवानी, प्रिया आदि मौजूद रहे।

स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 33 नोडल केंद्र बनाए : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए नौ जिलों में 33 नोडल केंद्र बनाए हैं। बरेली में बरेली कॉलेज, गन्ना उत्पादक बहेड़ी, खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर और डॉ. राममनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय आंवला में बनाए गए हैं।

माइनर वोकेशनल परीक्षा का कार्यक्रम किया जारी

बरेली। बरेली कॉलेज ने स्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य और बैक परीक्षा की माइनर वोकेशनल विषय की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। छात्रों की परीक्षा 14 मई को परीक्षा भवन में होगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के मुताबिक परीक्षा संबंधी निर्देश कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। बरेली कॉलेज ने स्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के मिड टर्म के माइनर इलेक्टिव विषयों की परीक्षा की तिथि 13 मई निर्धारित की है। हिंदी, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र की परीक्षा परीक्षा भवन में होगी और अन्य विषयों की परीक्षा अलग-अलग विभाग के कक्षों में होगी।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए समिति गठित

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। समिति में प्रो. विनय ऋषिवाल, प्रो. आलोक श्रीवास्तव और डॉ. मयंक अग्रवाल शामिल हैं। कुलपति ने प्रो. एसके पांडेय को समन्वयक बनाया है।

बरात में न बुलाने पर मौसेरे भाई ने दूल्हे को मारी गोली

रामपुर, अमृत विचार : मौसरे भाई को बरात में न बुलाना दूल्हे को भारी पड़ गया। युवक ने बरात चढ़त के दौरान बग्घी के आगे आकर दूल्हे पर गोली चला दी।घायल दूल्हे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उत्तराखंड के थाना काशीपुर के गांव गढ़ी नेगी निवासी 21 वर्षीय करन सिंह की बरात थाना सिविल लाइंस स्थित पनवड़िया में हरदयाल के घर आई थी। बरात का स्वागत किया गया। चारों ओर खुशी का माहौल था। बरात के नाश्ते के बाद चढ़त शुरू हुई और दूल्हे को बग्घी पर बैठा दिया गया।

दूल्हे के दोस्त और महिलाओं ने बैंड की धुन पर थिरकना शुरू कर दिया। इसी दौरान बरात में नहीं बुलाने से नाराज मौसेरे भाई अजय ने बग्घी पर बैठे दूल्हे पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली दूल्हे के कंधे को छूती हुई निकल गई। घायल दूल्हे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूल्हे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामपुर कलां के एक होटल में दिल्ली पुलिस ने छह युवकों को पकड़ा

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: गांव टाहखुर्द कलां का रहने वाला युवक दिल्ली की एक किशोरी को बहला फुसलाकर लेकर चला आया। शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से युवक के छह दोस्तों को रामपुर कलां में एक होटल में पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों से खुटार थाने में पूछताछ की जा रही है। युवक और किशोरी अलग-अलग समुदाय के हैं। पुलिस की काफी प्रयास के बाद भी दोनों का पता नहीं चल पाया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार खुटार के गांव टाहखुर्द कलां निवासी एक समुदाय का युवक एक माह पूर्व अपने दोस्तों के साथ दिल्ली काम करने गया था। सभी शादी समारोह में भोजन बनाने का काम करते हैं। वहां की रहने वाली एक 16 वर्ष की किशोरी को प्रेम जाल में फंसा लिया और बहला फुसलाकर लेकर चला गया। घटना के बाद युवक के दोस्त भी खिसक गए।

- दिल्ली से 16 वर्षीय किशोरी को भगाने का आरोप, सर्विलांस के जरिये पहुंची पुलिस
- अलग-अलग समुदाय के है दोनों, देर शाम तक दोनों का पुलिस नहीं लगा पाई कोई सुराग

इस मामले की जानकारी किशोरी के परिजनों को हुई तो नजदीकी थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

करीब 15 दिन पहले दिल्ली पुलिस खुटार पहुंची और युवक के घर छापा मारा था। लेकिन इससे पहले युवक और किशोरी खिसक लिए। पुलिस ने युवक के घर नोटिस चस्पा कर दिया। जिसमें कहा गया कि किशोरी को लेकर सरेंडर हो नहीं तो मकान ध्वस्तीकरण होगा। इसके बाद युवक के परिजनों ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस खुटार पहुंची। जहां घर में कोई मौजूद नहीं मिला।

लेकिन पुलिस दोनों की तलाश में निगरानी करने में जुटी रही। सर्विलांस टीम की लोकेशन के बाद बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस ने खुटार के गांव रामपुर कलां में स्थित एक होटल में युवक के छह दोस्तों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आये है। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, दिल्ली पुलिस युवक और किशोरी की तलाश में हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन देर शाम तक दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया था।

> किशोरी की तलाश में दिल्ली पुलिस खुटार पहुंची थी। टाहखुर्द कलां के युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। किशोरी की तलाश में दिल्ली पुलिस तीन युवकों को अपने साथ ले गई है। बाकी युवकों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।
>
> -संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

शराब पीने से पहले प्रेमी-प्रेमिका थे, नशा चढ़ा तो बन गए दुश्मन

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- नशे में गालीगलौज करने पर जोगेंद्र ने की थी पिंकी की हत्या
- पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार, बांका-स्कूटी भी बरामद

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर क्षेत्र में पांच दिन पहले हुए पिंकी हत्याकांड में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने एक पार्टी में पहले पिंकी के साथ शराब पीकर खाना खाया। उसके बाद दोनों में विवाद हो गया। आरोपी घर पहुंचा और पिंकी पर बांके से कई वार कर हत्या कर दी।

मेहतरपुर करोड़ गांव का रहने वाला जोगेंद्र यादव बरेली में डेरी चलाता है। परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं। जोगेंद्र ने पुलिस को बताया कि छह साल पहले उसकी मुलाकात हरुनगला में रहने वाली पिंकी से हुई थी।

पिंकी अपने पति से अलग होकर यहां रह रही थी। पिंकी से नजदीकियां बढ़ने के बाद वे दोनों छह महीने से रामगंगानगर कॉलोनी के सेक्टर-सात में किराए के मकान में रह रहे थे। जोगेंद्र के मुताबिक 3 मई की शाम को वह पिंकी के साथ उसकी दोस्त के घर गया था। जहां दोनों ने शराब पी, नशा चढ़ने के बाद वहीं उसकी पिंकी से कहासुनी हो गई।

रामगंगानगर लौटकर दोनों ने दोबारा शराब पी और खाना खाया। पिंकी नशे में धुत हो चुकी थी। उसने उसके साथ गालीगलौज करते हुए दोबारा झगड़ा शुरू कर दिया। उससे मारपीट तक करने पर उतारू हो गई। नशे की वजह से जोगेंद्र भी आपा खो बैठा। उसने मीट काटने वाले बांके से पिंकी पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। लहूलुहान होकर गिरी पिंकी की कुछ देर बाद मौत हो गई। इसके बाद वह पिंकी की स्कूटी लेकर भाग निकला। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांका और पिंकी की स्कूटी बरामद कर ली है। सीओ हाईवे नितिन कुमार ने बताया कि जोगेंद्र को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

तुलसी ने नाराज हो जान दी तो कल्पना ने अपराधबोध में

बरेली कार्यालय

- अपने प्रेम संबंध की घरवालों से शिकायत पर नाराज थी तुलसी
- आरोपी आकाश की भाभी और पिता पुलिस हिरासत में

अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी के गांव सफरी में दो सगी बहनों ने फंदे पर लटककर जान क्यों दी, यह तो अभी पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है लेकिन यह लगभग पुष्टि हो गई है कि घरवालों की गैरमौजूदगी में दोनों बहनों के बीच हुआ झगड़ा ही इसकी वजह थी। पुलिस का अनुमान है कि इस झगड़े के बाद ही छोटी बहन तुलसी ने फंदे पर लटककर जान दी तो कल्पना ने भी अपराधबोध में खुदकुशी कर ली। यह पूरा घटनाक्रम तीन घंटे के अंदर घटित हो गया। झगड़े की वजह तुलसी के पड़ोसी युवक से प्रेम संबंधों का कल्पना की ओर से विरोध किया जाना था।

दोनों बहनों के शव का बृहस्पतिवार को डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया और इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम में दोनों की फंदे पर लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद परिवार वालों ने दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को सफरी में लंबी छानबीन भी की। पुलिस के मुताबिक छोटी बहन तुलसी के पड़ोस के युवक आकाश से प्रेम संबंध थे और वह उससे शादी भी करना चाहती थी। कुछ दिन पहले कल्पना ने इस बारे में घरवालों को बता दिया था। घरवालों ने तुलसी की कड़ी फटकार लगाई थी। इसी बात पर दोनों बहनों में मनमुटाव हो गया था।

यह मनमुटाव इस हद तक बढ़ा कि बुधवार को दोनों बहनों ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पूछताछ में पता चला कि पिता उत्तम चंद सुबह रोज की तरह मजदूरी करने चले गए थे। शाम तीन बजे के बाद मां मुन्नी देवी भी खेत पर चारा लेने चली गईं। शाम करीब छह बजे वह लौटीं तो दोनों बेटियां आत्महत्या कर चुकी थीं। सात बजे पुलिस पहुंची तो 17 वर्षीय तुलसी का शव फंदे पर लटका हुआ था और कल्पना का शव वहीं बराबर में जमीन पर पड़ा था। उत्तम चंद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने तुलसी के प्रेमी आकाश की भाभी चांदनी को गिरफ्तार कर लिया। उस पर आकाश और तुलसी की मदद करने का आरोप है। आकाश के पिता को भी हिरासत में लिया गया है। हालांकि वह केस में नामजद नहीं है।

> डॉक्टरों के पैनल से कराए गए पोस्टमार्टम में दोनों बहनों की फंदा लगाने से मौत होने की पुष्टि हुई है। आरोपी के भाभी और पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
>
> - घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

शादी में जाने के लिए सिल रही थी सूट

दोनों बहनें खाली समय में जरी का भी काम करती थीं। पुलिस की जांच में पता चला कि कुछ दिन बाद गांव में ही कल्पना की एक सहेली की शादी होने वाली थी जिसके लिए बुधवार को उसने अपने लिए घर पर ही एक सूट सिला था। इसके बाद मां के लिए कपड़ा सिल रही थी। भोजीपुरा के एक युवक ने पुलिस को बताया कि उसने कल्पना को जरी के काम के लिए एक साड़ी दे रखी थी। बुधवार शाम चार बजे वह उसके घर पहुंचा तो कल्पना काम कर रही थी। तुलसी बगल में बैठी थी। दोनों को एक-दूसरे से नाराज होकर उसने दोनों को आपस में बात करने को कहा और एक हजार रुपये देकर अपनी साड़ी लेकर चला गया। पुलिस का अनुमान है कि इसी के कुछ देर बाद मौका मिलते ही तुलसी फंदे पर लटक गई। कल्पना ने उसे फंदे पर लटका देखा तो दूसरे कमरे में जाकर वह भी फंदे पर लटक गई। हालांकि पुलिस के आने से पहले घरवाले कल्पना का शव फंदे से उतारकर उसी कमरे में ले आए थे, जहां तुलसी लटकी हुई थी। तुलसी का शव उतारने से पहले ही पुलिस पहुंच गई थी।

दिल्ली से आज पहुंचेगा आरोपी आकाश

तुलसी और कल्पना के पिता उत्तम चंद ने पड़ोसी आकाश और उसकी भाभी चांदनी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस को आरोपी आकाश की लोकेशन कोल्हापुर में मिली थी। पुलिस ने उसे फोन किया तो पहले तो उसने फोन उठाया ही नहीं। बाद में भाभी और पिता को हिरासत में ले लिए जाने का पता लगा तो उसने पुलिस से बात की। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शुक्रवार तक गांव आ जाने की बात कही है।

सार-संक्षेप

कुत्तों के हमले से दो साल की बच्ची समेत छह घायल

अमरोहा। गांव सिरसा जट में कुत्तों के झुंड ने दो साल की बच्ची सहित चार महिलाओं और एक पुरुष को घायल कर दिया। इससे गांव में भगदड़ मच गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुत्तों के हमले से गांव में दहशत है। गांव में गुरुवार सुबह आठ कुत्तों के झुंड ने घर के आगे खेल रही दो साल की जिया पुत्री आदिल को नोंच कर घायल कर दिया। बच्ची के चिल्लाने व कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर परिजनों ने दौड़कर बच्ची को कुत्तों से बचाया। इसके बाद खेत पर जा रहे किसान रोहतास सिंह पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। मंदिर चौराहे से आमना पत्नी मोहम्मद अली, शाहजहां पत्नी तौसीफ, रुखसाना पत्नी तस्लीम खेत पर जा रही थीं। तभी रास्ते में उन्हें कुत्तों ने घेरकर घायल कर दया। ग्रामीणों ने कुत्तों को खदेड़कर उनकी जान बचाई।

मुसलमानों की आबादी के सर्वे को शहाबुद्दीन ने कहा गलत

बरेली। मुसलमानों की आबादी वाले सर्वे पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रतिक्रिया दी कि सर्वे में मुसलमानों की बढ़ोतरी की बात कही जा रही है, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। उन्होंने कहा कि आर्थिक और सामाजिक रूप से जो पिछड़ा हुआ तबका होगा उसकी आबादी ज्यादा रहेगी। इसे किसी भी धर्म से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। हर धर्म की अपनी-अपनी आबादी है। जो लोग पढ़ लिखकर जागरूक होते हैं वो अपनी आबादी पर नियंत्रण करते हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि परिवार छोटा होगा बच्चों की शिक्षा अच्छी होने के साथ-साथ जीवन यापन भी बेहतर तरीके से हो सकेगा। अगर कोई आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर है तो हर तरीके से उस पर असर पड़ेगा। लिहाजा यह सर्वे सच से परे है।

विद्युत आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशान

कलान। कस्बे में ट्रांसफार्मर रखने में 10 घंटे का समय लग गया, जिससे विद्युत आपूर्ति ठप रही। लोगों का गर्मी से हाल बेहाल रहा। बिजली विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण लोगों में नाराजगी है। कस्बे में परौर रोड पर स्टेट हाईवे के किनारे विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जो आए दिन खराब हो जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर को रखने के लिए फाउंडेशन बना दी थी लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं रखा जा पा रहा है। कारण यह है कि कुछ लोग वहां ट्रांसफार्मर रखने का विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को दोपहर बाद बिजली विभाग के लोगों ने ट्रांसफार्मर बदलवाकर दूसरे स्थान पर रखने की प्रक्रिया शुरू की लेकिन प्रक्रिया इतनी धीमी गति से चल रही है कि 10 घंटे का समय गुजर गया लेकिन ट्रांसफार्मर चालू नहीं किया जा सका। बीते 10 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप रही जिससे भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों में नाराजगी है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति लोगों को मिलेगी।

दो भाइयों और दोस्त को रॉड से पीटा

तिलहर। मामूली विवाद को लेकर दो भाइयों व उसके दोस्त को कुछ लोगों ने रॉड से पीट कर अधमरा कर दिया और मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना मस्जिद में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला नितगंजा निवासी शोएब ने बताया कि बुधवार रात वह अपने भाई व मोहल्ले के ही दोस्त जैनुल के साथ मोटरसाइकिल से कुछ सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही फैसल, पप्पू, अदनान, अमान ने आकर घेर लिया और कुछ दिन पहले हुई मामूली कहासुनी को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने रॉड से पीट-पीट उन्हें लहूलुहान कर दिया। सूचना पर भाई अदनान आया तो आरोपियों ने उसको भी पीटा, जिससे वह बेहोश हो गया। इस दौरान मोहल्ले के तमाम लोगों के आ जाने से आरोपी वहां से फरार हो गए। सारी घटना एक मस्जिद में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शिवचरन को शाहजहांपुर में चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी

बरेली। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बरेली के कई नेताओं को अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में जाकर चुनाव संचालन और पर्यवेक्षण करते हुए सपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश के तहत पार्टी के प्रदेश महासचिव अताउर रहमान को डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र, पूर्व राज्यसभा सदस्य वीरपाल सिंह यादव को बलिया लोकसभा क्षेत्र, शिवचरन कश्यप को शाहजहांपुर और शुभलेश यादव को सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

धर्म-कर्म | विधि विधान से पूजा कर पाएंगे धनलाभ और सुख-समृद्धि

अक्षय तृतीया आज, बने हैं तीन शुभ योग

अक्षय तृतीया 10 मई,2024 शुक्रवार को प्रातः 4 बजकर 17 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन अगले दिन 11 मई सुबह 2 बजकर 50 मिनट पर होगा। इसके अलावा अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त 10 मई सुबह 5 बजकर 49 मिनट से दोपहर 1 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। अक्षय तृतीया की तिथि शुभ मानी जाती है और इसे आखा तीज भी कहा जाता है। मान्यता है कि इसी दिन धन के देवता कुबेर को सोने का भंडार प्राप्त हुआ था। इस दिन धार्मिक अनुष्ठान करना और सोना खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्यों का पुण्य कभी क्षय नहीं होता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है जिसका कभी क्षय न हो या जिसका कभी नाश न हो अक्षय तृतीया के दिन विशेषतौर पर सोने के गहने खरीदने की भी मान्यता है। कहा जाता है अक्षय तृतीया के दिन यदि सोना खरीदा जाये तो इससे व्यक्ति के जीवन पर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद, सुख-समृद्धि और वैभव आजीवन बना रहता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।

पंडित अखिलेश पांडे।

अक्षय तृतीया पर शुभ योग

अक्षय तृतीया के दिन बृहस्पति ग्रह और चंद्रमा वृषभ राशि में युति बनाएंगे। इन दोनों के संयोग से गजकेसरी योग का निर्माण होगा। यह योग धन-धान्य और सुख-समृद्धिदायक माना जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया के दिन अगर आप दान करते हैं तो आपको आर्थिक लाभ मिल सकता है। अक्षय तृतीया के दिन भौतिकता के कारक ग्रह शुक्र और सूर्य की युति मेष राशि में बनी है, इन दोनों की युति बनने से शुक्रादित्य योग का निर्माण हुआ है। इन दोनों ग्रहों की युति के प्रभाव से शुभ परिणाम लोगों को मिल सकते हैं। वहीं शाम के समय बुध ग्रह मेष राशि में गोचर करेंगे और बुधादित्य योग का निर्माण होगा। इस योग में किये गए उपाय करियर के क्षेत्र में उन्नति दिला सकते हैं। इन योगों के साथ ही इस दिन रोहिणी नक्षत्र सुबह लगभग 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। यह नक्षत्र शुक्र ग्रह के स्वामित्व में आता है, इसके अलावा चंद्रमा भी इस दिन शुक्र की ही राशि वृषभ में रहेंगे और दिन भी शुक्रवार का ही है। ऐसा संयोग कई दशकों में एक बार बनता है। इसलिए साल 2024 में अक्षय तृतीया को बेहद लाभकारी माना जा रहा है।

अक्षय तृतीया पर मुहूर्त

ज्योतिष विज्ञान नवग्रह अनुसंधान केंद्र,मुरादाबाद के संचालक ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे के अनुसार अक्षय तृतीया की पूजा का समय 10 मई, 2024 सुबह 05 बजकर 49 मिनट से दोपहर 1 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। वहीं, लाभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह 06 बजकर 51 मिनट से सुबह 08 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही अमृत चौघड़िया मुहूर्त सुबह 08 बजकर 28 मिनट से सुबह 10 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। इसके बाद फिर शुभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह 11 बजकर 43 मिनट से दोपहर 01 बजकर 21 मिनट तक रहेगा।

नक्षत्र शुक्र ग्रह के स्वामित्व में आता है, इसके अलावा चंद्रमा भी इस दिन शुक्र की ही राशि वृषभ में रहेंगे और दिन भी शुक्रवार का ही है। ऐसा संयोग कई दशकों में एक बार बनता है। इसलिए साल 2024 में अक्षय तृतीया को बेहद लाभकारी माना जा रहा है।

चौथे चरण के चुनाव के लिए दो सौ से अधिक बसें रवाना

बरेली कार्यालय

- 13 को शाहजहांपुर समेत कई जिलों में होना है मतदान

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए बरेली रीजन से दो सौ से अधिक बसों को शाहजहांपुर, लखीमपुर समेत अन्य जिलों में भेजा गया है। बसों की कमी से यात्रियों को परेशानियों का सामान करना पड़ सकता है। यात्रियों को गुरुवार की शाम ही सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर लोकल रूट की बसों का इंतजार करना पड़ा।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, पीलीभीत और बदायूं डिपो में छह सौ से अधिक रोडवेज बसों का संचालन किया जाता है, लेकिन अब बरेली रीजन की 210 बसों को चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग जिलों में भेज दिया गया है। जिसका असर भी बस अड्डों पर दिखने लगा है। गुरुवार की शाम को शहर के पुराने बस अड्डे पर मीरगंज, मिलक, मुरादाबाद और रामपुर रूट की बसे नहीं होने से यात्रियों को कई घंटे बसों का इंतजार करना पड़ा। इसी तरह सेटेलाइट बस अड्डे पर भी पीलीभीत और शाहजहांपुर के अलावा बीसलपुर और नवाबगंज रूट की बसे नहीं मिली।

जिसके बाद यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा। एआरएम रुहेलखंड अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बसों को भेजा गया है। यात्रियों के लिए भी बस अड्डे पर बसों का इंतजाम किया गया है। यात्रियों को बसों के इंतजार के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

चौथे चरण में प्रमुख उम्मीदवार

हैदराबाद, तेलंगाना : एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन औवेसी

सिंकदराबाद, तेलंगाना : जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा अध्यक्ष, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

लखीमपुर खीरी, यूपी : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी

कन्नौज, यूपी : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव


बेगुसराय, बिहार : भाजपा नेता गिरिराज सिंह


उजियारपुर, बिहार : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।

मुंगेर, बिहार : जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह

कडपा, आंध्र प्रदेश
वाईएस शर्मिला

खूंटी, झारखंड
अर्जुन मुंडा

आसनसोल, पश्चिम बंगाल
शत्रुघ्न सिन्हा

बहरामपुर, पश्चिम बंगाल : अधीर रंजन चौधरी और यूसुफ पठान

13 मई को चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में भी लोकसभा चुनाव खत्म हो जाएगा। चौथे चरण की समाप्ति के साथ देश के 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 379 लोकसभा सीटों पर आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लोकसभा की शेष बची 164 सीटों के लिए बचे हुए तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण में सबसे ज्यादा 42 लोकसभा सीटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश की 13 मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आठ-आठ के साथ बिहार की पांच और झारखंड व ओडिशा की चार-चार सीटें महत्वपूर्ण हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच इन सीटों पर कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। इनमें सर्वाधिक महत्पूर्ण आंध्र प्रदेश हैं, क्योंकि वहां 25 लोकसभा सीटों के साथ 13 मई को विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे।

आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ, मुश्किल में फंसे नजर आ रहे सीएम जगन मोहन

सियासत का हर रंग: विरासत, बदला जातीय चक्रव्यूह और परिवारिक जंग

मनोज त्रिपाठी

- टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जनसेना के साथ मिलकर सत्ता विरोधी लहर को और तेज कर दिया
- भाजपा एनटी रामाराव की पुत्री डी पुरंदेश्वरी तो कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में लड़ चुनाव रही

अमृत विचार: लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने के कारण आंध्र प्रदेश में सियासत का हर रंग देखने को मिल रहा है। कहीं विरासत की जंग है, तो कहीं बदले की राजनीति, कहीं पिता-पुत्र आमने-सामने हैं, तो कहीं भाई-बहन एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इन सबके बीच जातीय समीकरण और लोक लुभावन स्कीमों का तड़का भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.89% वोट प्राप्त करके 25 में से 22 सीटें जीती थीं। टीडीपी को 40.19% वोट मिले थे और वह लोकसभा की तीन सीटें ही जीत सकी थी। कांग्रेस और भाजपा का राज्य में खाता ही नहीं खुला था। विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.95% वोट शेयर के साथ 175 सीटों में 151 सीटें जीती थीं। टीडीपी 39.17% वोट पाकर 23 सीटों पर सिमट गई थी। बसपा और वाम दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी जनसेना पार्टी ने एक सीट जीती थी, उसे 5.53% वोट मिले थे। कांग्रेस को मात्र 1.17% वोट मिले थे और उसका यहां भी खाता नहीं खुल पाया था।

आंध्र प्रदेश में इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में टीडीपी और वाईएसआरसीपी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। पिछली बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव टीडीपी अकेले लड़ी थी, लेकिन इस बार चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जन सेना का साथ हासिल करके वाईएसआरसीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के सामने सत्ता और साख बचाने की ऐसी घेरेबंदी की है, जिससे बाहर निकलना उनके लिए काफी मुश्किल नजर आ रहा है। नायडू और जगन मोहन के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस राज्य के दिग्गज नेताओं की पुत्रियों के सहारे जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में चुनाव लड़ रही है। वाईएस शर्मिला मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की सगी बहन हैं।

जो विधानसभा जीतेगा, लोकसभा चुनाव में भी उसी का ऊंचा रहेगा झंडा

- आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। ऐसे में मतदाता भी केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखते हैं। जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करती है, लोकसभा की ज्यादा सीटें भी वही जीतती है। 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिली थीं। विधानसभा चुनाव चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने जीता था। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 151 सीटों को साथ लोकसभा की 22 सीटें जीत ली थीं।

- **भाजपा के साथ होकर भी मुस्लिम आरक्षण पर टीडीपी की अलग राह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर हमलावर हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में भाजपा की सहयोगी एनडीए में शामिल टीडीपी मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर अलग रुख रखती है। टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू भाजपा के प्रचार के खिलाफ वादा कर रहे हैं कि सत्ता में आने पर वह मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण जारी रखेंगे। हालांकि भाजपा इस पर चुप है।

चुनावी अभियान में 'सिद्धम' और 'मेमंता सिद्धम' की गूंज


चंद्रबाबू नायडू।

जगन मोहन रेड्डी

- आंध्र प्रदेश में पूरा चुनावी अभियान नायडू के 'सिद्धम' और जगन मोहन के 'मेमंता सिद्धम' के बीच छिड़ा नजर आ रहा है। तेलुगु के सिद्धम शब्द का अर्थ जहां तैयार हैं, तो मेमंता सिद्धम का मतलब हम तैयार हैं है। भाजपा और जनसेना से गठबंधन करने से पहले राज्य में टीडीपी कमजोर दिख रही थी, तब जगन मोहन ने "175 क्यों नहीं" का नारा देकर चुनावी अभियान शुरू किया था। लेकिन टीडीपी, भाजपा और जनसेना का गठबंधन बनते ही हालात तेजी से बदले हैं। ऐसे में जगन ने सत्ता विरोधी लहर भांपते हुए सबसे पहले पार्टी के कमजोर उम्मीदवारों को हटा दिया। एक चौथाई मौजूदा विधायक या तो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं या उनकी सीट बदल दी गई है। इसी तरह 22 सांसदों में केवल छह ही दोबारा मैदान में उतरे हैं और पांच साल के काम तथा डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों के सहारे चुनाव मैदान में है।

तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण को रोक पाएंगी वाईएसआरसीपी सांसद

पवन कल्याण।

वंगा गीता विश्वनाथ।

- ईस्ट गोदावरी जिले की पिठापुरम विधानसभा सीट से जनसेना पार्टी के मुखिया और तेलुगू के सुपरस्टार पवन कल्याण चुनावी मैदान में हैं। पवन का मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस की काकीनाडा से सांसद वंगा गीता विश्वनाथ से है। पवन कल्याण को रोकने के लिए जगन मोहन ने अपनी लोकप्रिय सांसद को यहां से उतारा है। गीता पहली बार पवन कल्याण के बड़े भाई अभिनेता चिरंजीवी की पार्टी प्रजा राज्यम से विधायक बनी थीं। पवन को लेकर युवाओं में खासा जोश है। उनका कहना है कि वे लोग उन्हें पर्दे पर देखकर बड़े हुए हैं, अब अपने बीच पाकर उत्साहित हैं।

हम ही असली थाणे लोकसभा क्षेत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्याशी नरेश मास्के के समर्थन में भाजपा विधायक के साथ प्रचार करके खुद को असली शिवसेना बताया।

नाबालिग बेटे से ईवीएम का बटन दबवाना पड़ा महंगा

भोपाल। भोपाल में एक भाजपा नेता पर कथित तौर पर अपने नाबालिग बेटे को सात मई को बैरसिया में एक मतदान केंद्र पर ले जाने और उससे ईवीएम का बटन दबवाना महंगा पड़ गया है। वीडियो वायरल होने पर निर्वाचन आयोग के आदेश पर भाजपा नेता पर मामला दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतदान केंद्र संख्या 71-खितवास के मतदान अधिकारी संदीप सैनी को निलंबित कर दिया है और भाजपा जिला पंचायत सदस्य विजय मेहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिलाधिकारी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि मेहर के वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की गई है। यह वीडियो वायरल हो गया है। पीठासीन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया और कहा कि यह 'चुनाव प्रक्रिया का मजाक' है।

तेलंगाना: दलबदल का दलदल

सांसद धर्मपुरी आनंद।

पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी।

तेलंगाना की सभी 17 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस से विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधानसभा चुनाव जैसी ही सफलता की उम्मीद लगाए है, जबकि भाजपा नेता अपनी सीटों की संख्या दहाई तक पहुंचाने के लिए धुआंधार प्रचार में जुटे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों यहां बीआरएस की कीमत पर दलबदल के सहारे चुनाव मैदान में हैं। राज्य की 14 सीटों पर तीनों प्रमुख पार्टियों का कोई न कोई उम्मीदवार 'दलबदलू' है। 2019 में भाजपा ने चार, कांग्रेस ने तीन, एआईएमआईएम ने एक और बीआरएस ने नौ लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन बीआरएस के छह सांसद भाजपा और कांग्रेस में जा चुके हैं। भाजपा के तो 17 में 12 प्रत्याशी दूसरे दलों से आए हुए नेता हैं। हालांकि कांग्रेस और बीआरएस भी दलबदल के इस खेल में पीछे नहीं हैं। कांग्रेस के छह और बीआरएस के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं जिनका नाता दूसरे दलों से रहा है। कांग्रेस ने बीआरएस से आए सभी छह नेताओं पर दांव लगाया है।

हैदराबाद में पहली बार ओवैसी को मिल रही कड़ी टक्कर

- भाजपा प्रत्याशी शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी डॉ. माधवी लता ने यहां हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रखी है। मुस्लिम आबादी वाला पुराना शहर ओवैसी का गढ़ है, लेकिन वहां भी माधवी लता जमकर प्रचार कर रही हैं। औवैसी 2004 से अब तक चार बार यहां से जीत चुके हैं। इससे पहले उनके पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवैसी 1984 से 2004 तक लगातार छह बार हैदराबाद से सांसद चुने गए थे।

निजामाबाद में भाजपा को फिर जीत की उम्मीद

- भाजपा के फायरब्रांड नेता सांसद धर्मपुरी अरविंद का मुकाबला निजामाबाद लोकसभा सीट पर बीआरएस नेता बाजीरेड्डी गोवर्धन और कांग्रेस के टी. जीवन रेड्डी से हो रहा है। धर्मपुरी ने 2019 में बीआरएस की के कविता को हराया था। इस बार त्रिकोणीय संघर्ष है। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने निजामाबाद के सात विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर जीत हासिल की थी।

सिंकदराबाद में भाजपा लगा सकती जीत की हैट्रिक

- सिकंदराबाद सीट पर भाजपा दो बार से जीत रही है। 2014 में बंडारू दत्तात्रेय के बाद 2019 में जी किशन रेड्डी जीते थे। वह तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और मोदी सरकार में पर्यटन मंत्री हैं। इस बार उनका मुकाबला चार बार के विधायक बीआरएस के टी पद्मा राव से है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री और खैरताबाद से विधायक दानम नागेंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। नागेंद्र बीआरएस छोड़कर कांग्रेस में आए हैं।
- करीमनगर में भाजपा के पूर्व राज्य प्रमुख और मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार का मुकाबला बीआरएस नेता पूर्व सांसद बी विनोद कुमार से है। कांग्रेस ने यहां वेलिचाला राजेंद्र राव को उतारा है। विस चुनाव में वोट बढ़ने के बाद भी करीम नगर की एक भी सीट भाजपा नहीं जीत सकी थी। 2019 में बंदी संजय कुमार ने बीआरएस के विनोद कुमार को करीब 90,000 वोटों से हराया था। इस बार वह त्रिकोणीय संघर्ष में फंसे नजर आ रहे हैं।

भाजपा दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों को दे सकती है छूट

राजपुरुष

- केंद्रीय स्कूलों व अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, सायंकालीन कॉलेज, पार्किंग सुविधा बढ़ाने के साथ महिलाओं को 24 घंटे सहायता हो सकते हैं भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा
- मतदान का एक पखवाड़ा शेष पर घोषणा के बावजूद आप और कांग्रेस अपने संकल्प पत्र को लेकर गंभीर नहीं, आप उलझी रही केजरीवाल की गिरफ्तारी में, कांग्रेस में नहीं हुई कोई बैठक

अमृत विचार। भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने घोषणा करने के बावजूद लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली का अलग से घोषणा पत्र अभी जारी नहीं किया है, जबकि दिल्ली की सातों सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान में एक पखवाड़ा ही बचा है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का 50 सूत्रीय संकल्प पत्र लगभग तैयार है, पार्टी अगले दो-तीन दिन में इसे सावर्जनिक करने पर विचार कर रही है।

भाजपा ने घोषणा पत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों और राजधानी पर उनके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण, सार्वजनिक सुविधाएं, यातायात, अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण, आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके विपरीत घोषणा पत्र के सवाल पर आम आदमी पार्टी जहां चुप्पी साधे है, वहीं कांग्रेस की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बनायी गयी कमेटी अभी बैठक ही नहीं कर पायी है।

भाजपा ने पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी के नेतृत्व में दिल्ली के लिए अलग से संकल्प पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनाकर सुझाव देने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया था। जानकारी के अनुसार पार्टी संकल्प पत्र में केंद्र द्वारा संचालित स्कूलों और अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बस, मेट्रो और रेलवे किराये में छूट, सायंकालीन कॉलेज बढ़ाने, पार्किंग सुविधा में वृद्धि, महिलाओं के लिए चौबीस घंटे सहायता केंद्र जैसे डबल इंजन वादों को शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, संगठित और असंगठित मजदूरों, स्ट्रीट वेंडर को भी संबोधित करने की कोशिश की जाएगी। ऐसा सीवेज नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो 30 वर्षों तक टिकाऊ रहेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक गश्ती बीट पर कम से कम एक महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात हो। जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। युवाओं के लिए स्टार्ट-अप के लिए इनक्यूबेशन केंद्र और कौशल विकास केंद्र खोले जाने का वादा भी होगा। अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाना भी घोषणापत्र का हिस्सा हो सकता है। दिल्ली में संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित विरासत के मुद्दों को भी हल किया जाएगा चाहे वह शत्रु संपत्ति, फ्रीहोल्ड हो या डीडीए अथवा दिल्ली छावनी से संबंधित हो।

'आप' का भाजपा के वादों के जवाब में चुनावी अभियान

उधर, आप नेताओं का पूरा समय अपने नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने और इसी बहाने जम समर्थन जुटाने निकल गया है। ऐसे में भाजपा के वादों की झड़ी के जवाब में पार्टी ने अपने चुनावी अभियान की दिशा बदलना तय किया है। पार्टी अब शहर के चार प्रमुख समूहों व्यापारियों, ग्रामीण आबादी, महिलाओं और पूर्वांचल की आबादी पर ध्यान केंद्रित करेगी। पार्टी के अनुसार इन चार सामाजिक वर्गों की दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। आप के दिल्ली प्रभारी गोपाल राय के अनुसार पार्टी के चुनावी अभियान का अंतिम चरण 12 मई से शुरू होगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को बताया जाएगा। इसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से होगी। आप की महिला संवाद श्रृंखला में पार्टी सीसीटीवी स्थापित करना, मुफ्त बस यात्रा और महिलाओं के लिए 1,000 रुपये प्रति माह का सम्मान जैसी अपनी योजनाओं पर अभियान चलाएगी। दक्षिण दिल्ली में पूर्वांचल समागम अभियान के लिए आप न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, छठ घाट बनाने और अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर विकसित करने पर जोर देगी। पार्टी का कहना है कि पहले दिल्ली में केवल 80 छठ घाट होते थे, आज दिल्ली सरकार 1,000 से अधिक घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था करती है। उधर, कांग्रेस ने दो माह पहले दिल्ली के लिए अलग से न्याय संकल्प पत्र तैयार करने का ऐलान किया था। इसके लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की जानकारी दी गई थी। लेकिन पार्टी न्याय संकल्प पत्र जारी करने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

एक : क्षमावतां दोषो द्वतीयो नोपपद्यते।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जन : ॥

क्षमाशील व्यक्तियों में क्षमा करने का गुण होता है,लेकिन कुछ लोग इसे उसके अवगुण की तरह देखते हैं। यह अनुचित है।

संपादकीय

दूरियां पाटने की कोशिश

मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर की पहली भारत यात्रा को भारत-मालदीव के बीच दूरियां कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी देश है। विदेश मंत्री जमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है। करीब छह महीने पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने पर दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आने के बाद से मालदीव की ओ्र से यह पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है। मुइज्जू जितने भारत विरोधी हैं, उतने ही चीन के समर्थक भी। हाल ही में मालदीव और चीन के बीच कई अहम समझौते भी हुए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने 'इंडिया आउट' का कैंपेन चलाया था। मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे के दम पर चुनाव जीते थे और उन्होंने राष्ट्रपति बनते ही पहले तुर्की और फिर चीन की यात्रा की थी। मुइज्जू के मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव में आ गया। इस बीच भारत ने अब तक अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से सभी भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा निर्धारित की है। ऐसे में मूसा जमीर की भारत यात्रा को कई मायनों में खास माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों, पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने उसे सबसे पहले मान्यता दी थी।

गौरतलब है कि भारत कई अवसरों पर मालदीव के लिए सबसे पहले आगे बढ़कर मदद देने वालों में रहा है। भारत मालदीव को विकास सहायता देने वाले देशों में भी प्रमुख है। भारत की कई परियोजनाओं से मालदीव के लोगों को लाभ हुआ। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर चिकित्सा निकासी और स्वास्थ्य केंद्र तक शामिल हैं। भारत ने अनुकूल शर्तों पर वित्तीय सहायता दी है। भारत के सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरण, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से मालदीव की सुरक्षा और कल्याण को भी मजबूत किया है। हिंद महासागर की शांति और सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर को शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए मिलकर काम करना सभी के हित में है। भारत और मालदीव के रिश्तों के इतिहास को देखते हुए, उम्मीद है विदेश मंत्री जमीर का दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती देगा।

सतयुग-त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक परशुराम

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है।

महर्षि भृगु से लेकर परशुराम तक भार्गव वंश को ज्ञान और विद्या से जोड़ा जाता है। भृगु तो भृगुसंहिता के प्रणेता थे ही,परशुराम के पितामह ऋचीक अथर्वण मंत्रदृष्टा ऋषि थे। राम भार्गवेय नामक एक वैदिक ऋषि का सूक्तद्रष्टा ऋषि के रूप में आया है। परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा ऋषि जमदग्नि के आश्रम में हुई उसके पश्चात् ऋषि कश्यप से दीक्षा ली तदंतर कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शंकर से समस्त शास्त्र और शस्त्र तथा मंत्र-तंत्र की विद्या में पारंगत हुए। भार्गव और अंगिरस कुल के ऋषियों ने समस्त शास्त्रों का नवसंस्कार किया है।

भार्गव और हैहयों में बारह पीढ़ी से द्वंद्व होता रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह रहा है कि हैहय ऋषि परंपरा को समाप्त कर राजाश्रित पुरोहिती परंपरा का पक्षधर था उसने वेतन पर ऋषियों को अपने राज्य में रखना चाहा। आर्येतर जातियों को अपने राज्याश्रित गुरुकुलों में प्रवेश नहीं देता था। भगवान दत्तात्रेय से वरदान पाकर सहस्रार्जुन कार्तवीर्य दंभी हो गया,उसके अनीति और विस्तारवादी नीति से जम्बूद्वीप के राजाओं और ऋषियों-मुनियों में असंतोष फैलाने लगा था। पराकाष्ठा तो तब हो गई जब एक बार अर्जुन, जमदग्नि से मिलने उसके आश्रम आया और आश्रम की कामधेनु की मांग कर दी,जमदग्नि ने समझाया की यह कामधेनु मेरे पुत्र परशुराम की अमानत है। इस आश्रम में मैं तुम्हे दान स्वरूप भी इसे नहीं दे सकता। अर्जुन तो विवाद के उद्देश्य से आया था उसने बलात जमदग्नि ऋषि की हत्या करके कामधेनु गौ का अपहरण कर आश्रम को ध्वस्त कर दिया। इस घटना का उल्लेख अथर्ववेद (5 /18 /10) में आया है।

भार्गवेय परशुराम अध्ययन और तपस्या के उपरांत उसी समय अपने आश्रम कतिपय संकल्पों के साथ लौट रहे थे। उन्हें अपने युग की प्रतीति थी। राजाओं का अत्याचार चरम पर था,आर्य और आर्येतर जातियों में असमानता बढ़ता जा रहा था,ऋषियों के आश्रम में भय व्याप्त था। इनके निदान के संकल्प के साथ जब परशुराम आश्रम पहुंचे तो उनका स्वागत मां के विलाप और ध्वस्त आश्रम तथा भयभीत ऋ

परशुराम जयंती पर

षियों ने किया। इन क्षणों में परशुराम को वेद की वे ऋचाएं संबल बनी- हे वाचस्पति हमें शास्त्र और शास्त्र धारण करने की बुद्धि और शक्ति प्रदान करे। संपूर्ण जम्बूद्वीप में इस कुकृत्य की निंदा होने लगी ऋषिकुलों से ऋचीक,वशिष्ठ विश्वामित्र,कश्यप,अगस्त आदि ऋषियों के साथ कई राजशक्तियां और आर्येतर जातियों के प्रतिनिधि परशुराम के आश्रम में एकत्र हुए और यह निर्णय लिया कि हैहयों के विरुद्ध एक संगठित युद्ध की घोषणा परशुराम के नेतृत्व में की जाए। पितामह ऋचीक ने विष्णु का दिव्य वैष्णव धनुष परशुराम को दिया,ब्रह्मर्षि कश्यप ने अविनाशी वैष्णव मंत्र दिया। परशुराम कैलाश गिरिश्रृंग जाकर भगवान शंकर का आशीर्वाद रूप में विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया।

परशुराम पहले नायक हैं,जिन्होंने किसी अत्याचारी राजा को दंड देने के लिए राजाओं को ऋषियों को ग्रामवासियों को एक जुट किया और उनके अंतःकरण से भय तिरोहित कर न्याय स्थापित करने की आग प्रज्ज्वलित की। इसके पूर्व पुरुरवा,वेन,नहुष जैसे राजाओं के अत्याचार पर ऋषियों ने अपने स्तर पर ही दंडित किया। उस काल में समस्त जम्बूद्वीप में हैहयों की सौ अक्षौहिणी सेना का बड़ा आतंक था। उसने धन के बल पर विशाल सेना और आयुध इकठ्ठा कर रखा था,महिष्मति के अलावा हैहयों के चार राजवंश थे। सिंध और राजस्थान के राजवंश भी हैहयों के साथ थे। ऋषिकुलों के प्रयास से सूर्यवंशी राजाओं के साथ चंद्रवंशी राजा भी परशुराम के साथ खड़े हुए। ऋषि अंगिरस के प्रयास से शम्बर,बल,नमुचि,वृत्र,पाणी जैसे अनार्य भार्गव के पक्ष में खड़े हुए। कश्यप ने सप्तसिंधु और सारस्वत क्षेत्र के राजवंशों के साथ ही सागर देश के राजवंशों को भी भार्गव के पक्ष में खड़ा किया। हैहयों से प्रताड़ित यदुवंशी और हैहयवंशी जिसमे सुबलहैहय और शत्रुघ्न यादव प्रमुख रूप से युद्ध में सम्मिलित हुए। इस महायुद्ध के लिए परशुराम ने ग्रामजनों को भी शस्त्र शिक्षा दी। अत्रि की पत्नी अनुसुइया,अगस्त की पत्नी लोपामुद्रा तथा परशुराम शिष्य के अकृत्वान ने एक विशाल नारी सेना भी तैयार की थी।

जम्बूद्वीप का प्रथम महायुद्ध-भार्गव हैहय महायुद्ध,मानवता का दानवता के विरुद्ध,सभ्यता का बर्बरता के विरुद्ध,नम्रता का अहम के खिलाफ,शिष्टता का अशिष्टता के विरुद्ध युद्ध था। यह ऋषि परंपरा को जीवित रखने के लिए युद्ध हुआ। सहस्रार्जुन का वध करके परशुराम ने समस्त विजित प्रदेश अपने गुरु कश्यप ऋषि को सौंप कर गुरु की आज्ञा से प्रायश्चित कर शूर्पारक प्रदेश चले गए। भृगुकच्छ-भड़ोच से लेकर कन्याकुमारी तक का पश्चिम समुद्र तट का प्रदेश-परशुराम प्रदेश या शूर्पारक नाम से प्रसिद्ध है।

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त,कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है। कृषि गीता एक मलयालम ग्रंथ है जिसमें कृषि को लेकर परशुराम और ब्राह्मणों में चर्चा है। इसके मूल लेखक और रचनाकाल का पता तो नहीं चल पाया,पर यह रचना पंद्रह सौ ईसवी की मानी जाती है। परशुराम ने अछूत माने जाने वाले लोगों को शिक्षित किया और उन्हें कृषि कर्म में लगाया। उन्होंने दुराचारी संस्कारहीन ब्राह्मणों का सामाजिक बहिष्कार किया। उनके आश्रम में अध्ययन करने वाले ऋषि ब्राह्मण जो ऋषिकर्म स्वीकार नहीं करते थे,उन्हें परशुराम कृषिकर्म के लिए प्रेरित करते थे। इस महायुद्ध के पश्चात् ही कृषि जीवन जीने वाले भूमिहार ब्राह्मण अस्तित्व में आए जिन्हें त्यागी, महिपाल, गालव, अनाविल, कार्वे, राव, हेगड़े, अयंगर, अय्यर आदि उपनामों से विभूषित किया जाता है। श्रीविद्या के आदि साधकों में परशुराम की गणना की जाती है जिसके आदिदेव भगवान दत्तात्रेय हैं। दक्षिण भारत में एक तांत्रिक संप्रदाय परशुराम के नाम से जाना जाता है जिसके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं-परशुराम कल्पसूत्र और परशुराम प्रताप। मालाबार में अभी भी परशुराम शक संवत चालू है। कलरीपायट्टु केरल की एक युद्ध कला है,जो परशुराम से जुड़ी मानी जाती है। परशुराम सतयुग त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक थे,जिन्होंने ऋषि परंपरा के स्वतंत्रता की रक्षा की अनीति के विरोध में जनमानस को तैयार किया ज्ञानार्जन के लिए भेद को समाप्त किया। परशुराम के महाभारत और रामायण में प्राप्त निर्देश कालविपर्यस्त हैं,अतः अनैतिहासिक हैं। परशुराम रामायण,महाभारत के बहुत पूर्वकालीन थे। इस काल विपर्यन का स्पष्टीकरण चिरंजीवता से उपयुक्त नहीं लगता। परशुराम की ऋषि परंपरा रामायण-महाभारत काल तक रही हो और उस काल के परशुराम को महिमामंडित करने के लिए पूर्व पुरुष का सातत्य बनाए रखा गया हो।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं,सातवें-आठवें अवतार राम व कृष्ण हैं जिन पर बहुत काव्य महाकाव्य लिखे गए। परशुराम पर कोई भी महाकाव्य,रामायण,महाभारत की भांति उपलब्ध नहीं है। ऋग्वेद में पांच सूक्त ही विष्णु से संबंधित हैं,जो की ब्राह्मण ग्रंथों के सर्वश्रेष्ठ देवता हो गए। पाणिनि काल में वासुदेव की उपासना की जाती रही। दक्षिण भारत से पनपे वैष्णव संप्रदाय में राम और कृष्ण के भक्तिमार्ग का विकास हुआ। भक्ति मार्ग में विष्णु के अवतार परशुराम स्थान नहीं प्राप्त कर सके। लोकजीवन में परशुराम का महत्व और चर्चा विष्णु के राम व कृष्ण के अवतार रूप से कम नहीं है। वे ऋषि परंपरा से समाज और राज्य की व्यवस्था को स्थापित करने वाले जननायक हैं।

प्रसंगवश

लोकतंत्र का वीरगाथा काल

पुराने समय में जब राजा लोग युद्ध के लिए निकलते थे तो तमाम तरह के ताम-झाम के साथ निकलते थे। मेरा मतलब प्रयाण करते थे। रानियां बख्तरबंद पहनाती थीं। पंडित मंत्रोच्चार करते थे। चापलूस और भाट उनकी तारीफ के किस्से चिल्लाते हुए गाते थे। अपने-अपने राजाओं को सूर्य के समान तेजस्वी, सागर के समान विशाल हृदय वाला,चंद्रमा के समान शीतल टाइप बताते थे,जो भाट जित्ती कुशलता से अपने अन्नदाता की तारीफ कर सके वो उत्ता बड़ा कवि माना जाता था जिसके दरबार में जित्ता बड़ा कवि होता था वो राजा उत्ता शूरवीर कहलाता था। राजाओं की वीरता उनके दरबारी कवियों की काबिलियत पर निर्भर करती थी।

अनूप शुक्ल
कानपुर

युद्ध में एक राजा हार जाता होगा। मारा जाता होगा। एक राजा के हारने का मतलब एक चापलूस कवि के सूर्य का अस्त हो जाना,एक समुद्र का सूख जाना,एक चंद्रमा पर ग्रहण लग जाना होता था। हारे हुए राजा का कवि अपना पोथी-पत्रा उठाकर प्रतिद्वंद्वी कवि के अंडर में काम करने लगता होगा। कभी जिस राजा का अलग-अलग तरीके से संहार करवाया होगा अपने मरे हुए राजा से अब उसी राजा की वीरता का श्रृंगार करने लगता होगा।

आज जमाना आधुनिक हो गया है। युद्ध की जगह चुनाव होने लगे हैं। तलवारों की जगह जबाने चलती हैं। पहले राजाओं के पास अपने खास हथियार होते थे,जिन्हें वे अपनी कड़ी मेहनत और घोर तपस्या से अर्जित करते थे। आज जमाना बहुत आगे जा चुका है। आज के शूरवीरों को अपने लिए हथियार अर्जित करने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। एक बहादुर दूसरे की कमियों को अपने हथियार की तरह प्रयोग करता है। एक की नीचता दूसरे की महानता बन जाती है। एक का घपला दूसरे के लिए उपलब्धि बन जाता है। एक का भ्रष्टाचार दूसरे का हथियार। जब एक की कमजोरी दूसरे की ताकत बन जाती है तो काहे के लिए अपनी ताकत के लिए पसीना बहाना। दूसरे की कमियां खोजो, बड़े मियां बन जाओ। पुराने जमाने में राजा लोग जब लड़ते थे तो तलवारें टकरातीं थीं। चिंगारियां निकलती थीं। खून बहता था। लोग घायल होते थे। अब जमाना आधुनिक हो गया है। भाले, तलवार की जगह घपले, दंगे, भाई-भतीजावाद, वंशवाद के आरोपों से हमले होते हैं। एक के एक घपले का जबाब अगले के पचीस घपले हैं। छोटे दंगे का जवाब बड़ा दंगा है। छोटी नीचता का जवाब बड़ी नीचता है। एक रंगी चिरकुटई के जबाब में अगले की बहुरंगी हरकतें हैं। मामला फुल हाईटेक हो गया है।

चुनाव चल रहा है। प्रचार युद्ध शुरू हो चुका है। प्रचारक अपने-अपने हथियार तेज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नए-नए खाते बन रहे हैं। पुरानी खबरों/सूचनाओं को अपने-अपने हिसाब से रंग-रोगन करके दूसरे पक्ष पर हमले शुरू हो गए हैं। अपने यहां संसदीय लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री बहुमत पाए दल के लोग चुनते हैं। कौन जीतेगा यह तय नहीं। वोटिंग अभी चल रही है,लेकिन प्रधानमंत्री चुन लिए गए हैं। जिस दल ने नहीं चुने उसका उसके प्रधानमंत्री प्रतिद्वंद्वी दल ने चुन के दे दिया है। ले बे,ये है तेरा प्रधानमंत्री। चल युद्ध शुरू करें।

युद्ध भूमि भी पहले की तरह संकुचित नहीं रही। पूरे देश में पसरा है लड़ाई का मैदान। जहां-जहां वोटर है,वहां -वहां युद्ध का मैदान है। चापलूस और भाट सोशल मीडिया पर मुस्तैद हो गए हैं। टीवी चैनल पर डट गए हैं। अखबार में कलम कस के आ गए हैं। हमले शुरू हो गए हैं। हमले और बचाव का फीता कट गया है। सोशल मीडिया पर तैनात अनगिनत स्वतःस्फूर्त और भाड़े के प्रचारक किसी भी सूचना या बयान को अपने नेता खिलाफ पाते हैं तो वे उस पर टूट पड़ते हैं। सूचना और बयानबाज के चिथड़े-चिथड़े कर डालते हैं। अपने नेता की शान के खिलाफ बोलता हुआ हर व्यक्ति उनके लिए पांडवों के कुत्ते सरीखा है जिसका मुंह वे एकलव्य की तरह अपने बयान बाणों से बंद कर देते हैं।

यहां नेता कैसा भी हो,उसके कसीदे ही काढ़े जाने हैं। दोनों तरफ से अपने नायक की संभावित विजय की गाथाएं भी लिखी जा चुकी हैं। मजे की बात है कि दोनों विजयगाथाओं को लिखने का ठेका एक ही भाट कंपनी को मिला है। एडवांस में लिखी जा रही विजयगाथा का भुगतान भी एडवांस में हो चुका है।

कितने सेल्फ गोल करेंगे



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी,कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से,नैन नक्श से,जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं।

एक बार,दो बार,तीन बार,कितनी बार,इंडी गठबंधन के नेता बारंबार सेल्फ गोल मारेंगे तो मोदी को 2024 के लोकतंत्र का सबसे बड़ा मैच का विजेता बनने से कौन रोक सकता है। आप रायता फैलाते रहो और फिर उसे समेटते रहो। आपके सामने जो ऑल राउंडर कप्तान खड़ा है वो हर गूगली,बाउंसर और फुल टॉस को मैदान के बाहर भेजने का एक्सपर्ट है।

हाल ही में राजीव गांधी के सलाहकार रह चुके और वर्तमान में राहुल गांधी के राजनैतिक गुरु सैम पित्रोदा ने भारत राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करते हुए देश को नैन नक्श और चमड़ी के रंग से ही बांटने का कुत्सित प्रयास कर दिया। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि इंडिया में उत्तर पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं,दक्षिण में अफ्रीकन जैसे दिखते हैं,पश्चिम में अरब जैसे और उत्तर में गोरे होते हैं। क्या इन्हें नहीं पता कि भारत विविधताओं से भरा हुआ एक सुंदर गुलदस्ता है,जहां विभिन्न नैन नक्श, चमड़ी के रंग,भाषा और भौगोलिक परिस्थिति में भारतीय रहते हैं,उन्हें आप किसी भी रूप में बांट नहीं सकते। क्योंकि इन सब में भारत की आत्मा बसती है,भारत के संस्कार और मूल्य बस्ते हैं,इतनी सारी विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं।

एक चुनावी रैली में इस वक्तव्य का मोदी ने जवाब दिया तो पूरी कांग्रेस के नेताओं ने पहले कहा अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के चेयरमैन पित्रोदा के इस वक्तव्य से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका व्यक्तिगत विचार है। समझ में नहीं आता सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक मंच से कही गई कोई बात कैसे सुविधानुसार व्यक्तिगत हो जाती है? हैरानी तब हुई जब कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया,क्योंकि वो कांग्रेस में सर्वशक्तिमान के गुरु हैं। एक दिखावा जरूर किया जब पित्रोदा ने स्वतः अपने पद से इस्तीफा देने की नौटंकी की।

ध्यान रहे कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। यह वही हैं,जो वही बयान देते हैं,जो इनका शिष्य चाहता है या जो कहना चाहते हैं,वह शिष्य से कहलवा देते हैं। ध्यान रहे जब चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जातीय आधार पर जनगणना कर किसी बड़े एक्शन की बात कही तो पित्रोदा ने तब यह कह कर कि मृत्यु के बाद अमेरिका में पचपन प्रतिशत संपत्ति पर सरकारी अधिकार होने का जुमला उछाल कर चुनावी भूकंप ला दिया। लोगों में संशय पैदा हो गया कि यह बात कहीं भारत में न लागू करवा दें। भारत एक राष्ट्र नहीं राज्यों का समूह है,यह विभाजनकारी वक्तव्य भी पित्रोदा द्वारा आयोजित एक समारोह में राहुल ने दिया था।

अभी इस अनर्गल झंझट से निपट ही रहे थे कि लालू ने 7 मई की सुबह चुनाव प्रारंभ होने से पहले यह कहकर कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए मुस्लिम वोट पाने के लिए चुनाव का आख्यान ही बदल दिया और जब शाम को चुनाव संपन्न हो गया तब एक शातिर झूठे की तरह सुबह के बयान से शाम को पलटते हुए कह दिया आरक्षण का आधार सामाजिक होना चाहिए।

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है,इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी,वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से,नैन नक्श से,जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य है हमारे देश में सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक गिरने वाले नेताओं को राष्ट्र प्रेमी जनता को झेलना पड़ रहा है।

सोशल फोरम

जंगल की आग

अकबर-बीरबल संवाद शायद होगा। अकबर ने दरबारियों से पूछा कि सबसे अच्छी धूप कौन सी लगती है? बीरबल ने कहा था कि वो धूप जो लंबी बारिश के बाद होती है। कल पुंगराऊ,नाकुरी और महरगाड़ी की घाटियों में इतनी बारिश तो हो ही गई जिसने जलते जंगल की अग्नि को फिलहाल शांत कर दिया है।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

हालांकि इस बारिश से मेरे गांव में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है,लेकिन इस नुकसान की तुलना में जंगल में लगी आग को बुझाने में इस बारिश का योगदान अतुलनीय है। जिन मित्रों ने पहाड़ी जीवन जिया है उनको पता है कि अभी डेढ़ माह भयंकर गर्मी पहाड़ में दुबारा जंगलों में गिर गए पत्तों में आग का खतरा पैदा कर देगी, लेकिन जमीन में कुछ नमी इसके प्रभाव को कम कर सकती है।

बांज के जो जंगल कुछ बच गए हैं,नए पत्ते आने से उनमें जीवन आ जाएगा। किसी न्यूज चैनल में देख रहा था कि शासन ने इस ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। सेवानिवृत्त होने के बाद शासन के कार्य पर लिखना छोड़ दिया है,लेकिन इस विपदा को देखते हुए सुझाव देना जरूरी हो गया है कि वन विभाग की जवाबदेही प्रत्येक स्तर पर तय करना जरूरी हो गया है। साथ ही स्थानीय जनता के मन में अपने वनों से जुड़ने का अभियान चलाया जाना भी आवश्यक है।

वन विभाग की मानसिकता स्वयं को अभेद्य होने की हो गई है। शायद उच्च न्यायालय जैसी संस्था कभी इस बात का संज्ञान ले सके और विभाग से पूछ सके कि आग पर नियंत्रण के लिए विभाग ने क्या क्या तैयारी की थी और स्थानीय जनता को सहयोग करने के लिए क्या प्रयास किया था? यह तो सर्वविदित है कि दो-चार कर्मचारी बिना जनसहयोग से स्थिति नहीं सुधार सकते हैं। अपने गांव डौणूं में सभी परिवार बांज-बुरांस के जंगल पालने में समर्पित रहते हैं। इसलिए चार किलोमीटर की परिधि में हरियाली सुरक्षित है।

-फेसबुक वॉल से

कर्मवीर पंडित सुंदर लाल

देश के प्रमुख स्वाधीनता सेनानी,विश्व-शांति आंदोलन के कर्ताधर्ता,'भारत में अंग्रेजी राज' जैसे गौरव-ग्रंथ के लेखक और इलाहाबाद से छपने वाले 'भविष्य', 'कर्मयोगी' तथा देवनागरी और उर्दू दो लिपियों में छपने वाले 'नया हिन्द' के संपादक कर्मवीर पंडित सुंदर लाल का 9 मई, 1981 को 95 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हुआ तब उनकी अंतिम यात्रा में विष्णु प्रभाकर,विश्वंभर नाथ पाण्डेय और विश्वनाथ प्रताप सिंह शामिल हुए थे।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

विश्व राजनीति के इस पुरोधा को लोगों ने जल्दी ही भुला दिया जिसके ख्रुश्चेव,माओ जैसे लोगों से व्यक्तिगत संबंध थे। गांधी, मोतीलाल नेहरू,मंजर अली सोख्ता, जवाहर लाल नेहरू,महात्मा भगवान दीन, डॉ. ताराचंद, अब्दुल मजीद, ख्वाजा मौलाना सुलेमान नदवी, तेज बहादुर सप्रू जैसे लोगों के साथ मिलकर उन्होंने बहुत काम किया। क्रांतिकारी अमीर चंद बंबवाल,लाला हनुवंत सहाय और पंडित परमानंद उनके गहरे मित्र थे। बाद को विश्वंभर नाथ पाण्डेय ने तो उनके साथ रहकर बहुत काम किया। सांप्रदायिक सद्भाव के लिए उन्होंने जीवन भर काम किया। पंडित जी ने अपना अंतिम समय अपने मित्र इश्तियाक मिर्जा के घर बिताया। शुरुआत में अरविंद से प्रभावित होकर क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रियता के बाद वे गांधी और कांग्रेस से जुड़े,लेकिन उनमें उग्र राजनीतिक चेतना बरकरार रही। देश आजाद होने के बाद नेहरू उन्हें मंत्रिमंडल में लेना चाहते थे, लेकिन सुंदर लाल इसके लिए तैयार नहीं हुए। 1951 में नेहरू ने उन्हें चीन की यात्रा पर सद्भावना मिशन का नेता बनाकर भेजा जिसमें उनके साथ मुल्कराज आनंद और आरके करंजिया जैसे लोग थे। वहां वे माओत्से तुंग,चाउ एन लाई,लिउ शाओ चि तथा अन्य चीनी नेताओं से मिले। उन्होंने क्यूबा, वियतनाम, वियना,स्टॉकहोम,कोलंबो, मास्को, लेनिनग्राड, बर्लिन, वार्सा, लंदन की यात्राएं करके देश का गौरव बढ़ाया।

26 सितंबर, 1886 को मुजफ्फरनगर जिले के खतौली कस्बे में जन्मे सुंदर लाल ने अपनी आत्मकथा भी लिखी जिसमें उनके राजनीतिक सफरनामा और विचार पक्ष को बखूबी चीन्हा जा सकता है। मुझे संतोष है कि पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी,विष्णु प्रभाकर, मुल्कराज आनंद, कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर', ओमप्रकाश पालीवाल, शिव वर्मा, मन्मथनाथ गुप्त, बैजनाथ सिंह 'विनोद', भगवानदास केला, जनार्दन भट्ट,हंसराज रहबर,सैयद मुजफ्फर हसन और सत्यभक्त के पास उनकी यादों का जो अकूत खजाना था,उसे मैंने समय रहते सुरक्षित कर लिया।

हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही

जो लगता है अक्सर होता नहीं है। होता कुछ है लगता कुछ है। सैम पित्रोदा ने भारतीयों की पहचान को लेकर जो सामान्यीकरण किया वह अनावश्यक था। पहली बात तो आमतौर पर मनुष्य मात्र को लेकर,उसके उद्भव और विकास को लेकर विज्ञान सम्मत जानकारी का अभाव है। ऐसे में मनुष्य की पहचान,उसकी जाति और रहन-सहन आदि मुद्दों पर कैजुअल टिप्पणी से बचना चाहिए। सच तो यह है कि वैज्ञानिक वर्गीकरण में धरती पर कम से कम 45-50 हजार वर्षों से जिस मनुष्य नाम्नी प्राणी का एकछत्र राज्य रहा है,उसका नाम है होमो सैपियेंस यानि प्रबुद्ध मानव।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वैज्ञानिक वर्गीकरण में बस यही एक 'प्रजाति' है,जो धरती के कोने-कोने में अपना अधिपत्य जमाए हुए है। चाहे वह धरती भौगोलिक-राजनीतिक लिहाज से चीन,रूस अमेरिका,इंग्लैंड,भारत की,कहीं की भी हो। सब में आनुवंशिकी के समान धागों-गुणसूत्रों की संख्या 46 ही है। कोई फर्क नहीं है। हां आबो हवा और चमड़ी तथा रंगरूप और अन्य शारीरिक फर्कों के हिसाब से उनकी कई उपजातियां (रेसेज) हैं। यहां जाति यानि कास्ट का अभिप्राय एकदम अलग है, जो सामाजिक मान्यताओं की देन है।

कार्लेटन एस कून नामक वर्गीकरण विज्ञानी द्वारा 1962 में किए गए मानव उपजातियों के वर्गीकरण को आज भी व्यापक स्वीकृति मिली है जिसके अनुसार पूरे विश्व में चार उपजातियां (रेसेज) हैं,मगर हैं सभी मूलतः होमो सैपियेंस। काकैसायड-गोरे रंग वाली यह उपजाति रूस-पश्चिमी एशिया,यूरोपीय भागों और उत्तरी अफ्रीका की है। कहते हैं रामायण की पात्र कैकेयी एक सोवियत रूस के क्षेत्र काकेशस मूल की थीं (वैज्ञानिक पुष्टिकरण वांछित)। मांगोलॉयड-इनका अधिपत्य पूर्वी एशिया और सहारा के दक्षिणी हिस्से में है। यही मंगोल हैं। चीन में इनकी ही प्रमुख आबादी है। निग्रोयड-काले रंगी प्रमुखतः अफ्रीका वासी हैं और सहारा के दक्षिण में भी हैं। आस्ट्रैलॉयड-आस्ट्रेलियाई मूल के सभी लोग इसी मूल के हैं।

हालांकि इस मुख्य विभाजन के दीगर भी गौण संख्या में ख्वायसैनायड- बुशमेन, होटेनाट्स और प्रशांत वंशीय भी हैं। आदिवासी भी हैं। एक तरह से कुल मिला जुलाकर दर्जन भर उपजातियां हैं,मगर सभी होमो सैपियेंस ही हैं। और अब ज्यादातर वैज्ञानिक यही मानते हैं कि आज के मानव का उद्भव अफ्रीका में हुआ और वहीं से कालान्तर में यह प्रजाति विश्व भर में फैलती गई।

इसके बावजूद दुनिया भर में रंग रूप के आधार पर मानव मानव में विभेद,नस्लीय भेदभाव का काला इतिहास रहा है। किसी भी विवेकवान व्यक्ति को ऐसी टिप्पणियों और वक्तव्यों से बचना चाहिए,क्योंकि इनके अनेक साभिप्रायपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। विवादित हो सकते हैं। भारत के किसी भी प्रांत में रहने वाले वाह्य रुप से किन्हीं भी उपजातियों से साम्य रखें, हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही।

मुख्यमंत्री ने कहा ऐसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को ही मुबारक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बर्खास्तगी की मांग

इस्तीफा देने के बाद भी सैम पित्रोदा के पीछे पड़ी भाजपा, बचाव में कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सैम पित्रोदा के विवादित बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी प्रतिक्रिया के बाद उत्तर प्रदेश में भी इसकी गूंज है। राज्य के भाजपा नेता पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं। गुरुवार को भाजपा सरकार और संगठन दोनों के नेतृत्वकर्ताओं ने पित्रोदा को लेकर कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़े किए। वहीं, कांग्रेस इस मसले पर बचाव की मुद्रा में है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जहां उनके बयान को बकवास करार दिया वहीं दूसरे नेता भी ऐसे बयानों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

माफी मांगे कांग्रेस: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस मुद्दे पर अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वे कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को अपने बुद्धिदाता के कृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए। वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है।

इस्तीफा राजनीतिक नाटक मात्र: भूपेन्द्र चौधरी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि राहुल गांधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा एक राजनीतिक नाटक मात्र है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। चौधरी के मुताबिक, अभी तक राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की? इन तीनों को देशवासियों का अपमान करने को लेकर देश की जनता से अविलंब माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने भी सैम पित्रोदा के बयान का समर्थन कर दिया है तो क्या कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी को भी कांग्रेस से बर्खास्त करेगी या उनसे इस्तीफा लेगी? कांग्रेस ऐसे बयानों को व्यक्तिगत बता कर इससे किनारा नहीं कर सकती।

पित्रोदा का बयान बकवास: रॉबर्ट वाड्रा

इस बीच पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मीडिया को दी प्रतिक्रिया में पित्रोदा के बयान को बकवास करार दिया है। वाड्रा ने कहा, जब आप इस परिवार (गांधी) से जुड़े जाते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना पड़ता है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मिस्टर सैम पित्रोदा ने जो भी बकवास की है, बकवास ही की है। कोई आदमी जो इतना पढ़ा लिखा है वो कैसे ऐसा बोल सकता है? इससे पहले बुधवार को अमेठी पहुंची कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी पंखुड़ी पाठक ने भी कहा था कि सैम पित्रोदा हमारे औपचारिक प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने जो भी बयान दिया है, उसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी एक्स पर लिखा था कि उनके बयानों से पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

बहुजन समाज के लिए अंतिम सांस तक लड़ूंगा : आकाश आनंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नेशनल कॉआर्डिनेटर का पद और उत्तराधिकार गंवाने के 36 घंटे के भीतर गुरुवार सुबह आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख मायावती के प्रति परिपक्व शब्दों में पूरी आस्था प्रकट की। साथ ही, अपना उद्देश्य भी स्पष्ट किया। आकाश ने अपनी 'एक्स' पोस्ट पर बसपा प्रमुख को संबोधित कर लिखा कि वह उनकी सर्वमान्य नेता हैं। उनका आदेश सिर माथे पर। उन्होंने कहा कि भीम मिशन और अपने समाज के लिए वह अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।

पूर्व नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश ने लिखा कि बसपा प्रमुख पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं। करोड़ों देशवासी उनको पूजते हैं। उनके संघर्षों की वजह से ही आज बहुजन समाज को एक ऐसी राजनीतिक ताकत मिली है, जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है। मालूम हो कि बीते मंगलवार की रात को मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाने का फैसला वापस लेते हुए नेशनल कॉआर्डिनेटर के पद से भी मुक्त कर दिया था। साथ ही यह कहा था कि पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आकाश के पिता आनन्द कुमार पार्टी व आंदोलन में सक्रियता निभाते रहेंगे।

गोंडा में आग में जिंदा जली बच्ची

गोंडा, अमृत विचार: करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के गोड़ियनपुरवा गांव में एक छप्पर के घर में अचानक लगी आग से एक 9 साल के मासूम बच्ची जिंदा जल गयी, जबकि आग में बाइक, ई-रिक्शा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। करनैलगंज नगर के सकरौरा ग्रामीण गोड़ियन पुरवा गांव निवासी चांद बाबू का परिवार फूस से बने घर में सो रहा था। चांद बाबू रोजगार के सिलसिले में जयपुर गए हुए थे। घर में उनकी पत्नी व दो बेटियां इनायत व इनाया ही थीं। रात में अचानक घर में आग लग गई। जान बचाने के लिये पत्नी व बेटियों ने शोर मचाया। जिस पर पहुंचे पड़ोसियों ने पत्नी व छोटी बेटी इनायत को तो किसी तरह से निकाल लिया। लेकिन बड़ी बेटी इनाया को नहीं बचाया जा सका। आग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जब तक फायर टेंडर की मदद ले पाती तब तक घर में खड़ी बाइक व ई-रिक्शा समेत पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

एसिड अटैक की बढ़ती घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट ने चिंता जताई

कोर्ट ने कहा-इस प्रकृति के अपराध के लिए माफी स्वीकार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के संपूर्ण सामाजिक, पारिवारिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक व्यक्तित्व को झकझोरने वाली एसिड अटैक की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय के साथ एसिड अटैक लैंगिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हिंसा के रूप में बदलता जा रहा है।

एसिड हमलों से न केवल पीड़िताओं की शारीरिक बनावट को नुकसान पहुंचता है बल्कि ऐसी घटनाएं उन्हें सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी तोड़ देती हैं, जिससे उनके समग्र विकास में बाधा उत्पन्न होती है। एसिड अटैक से जुड़ी घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि एसिड की आपूर्ति और वितरण के लिए नियमों और कानून का कोई उचित कार्यान्वयन

नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट और इस न्यायालय के कई निर्देशों के बावजूद कानून एसिड के वितरण को गलत हाथों में जाने से रोकने में विफल रहा है।

वर्तमान मामले में पीड़िता को याचियों द्वारा किए गए एक असभ्य और हृदयहीन अपराध का सामना करना पड़ा है। इस प्रकृति के अपराध के लिए किसी भी प्रकार की क्षमा स्वीकार्य नहीं है। कानून इस बात से अनभिज्ञ नहीं रह सकता है कि इस घटना से पीड़िता को जो भावनात्मक कष्ट पहुंचा है, उसकी भरपाई ना तो आरोपियों को सजा देकर और ना पीड़िता को कोई मुआवजा देकर की जा सकती है। ऐसी घटनाएं पीड़िताओं को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं। उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने मानसिंह और तीन अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पीड़िता को गवाह संरक्षण योजना, 2018 के तहत सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। याचियों ने वर्तमान याचिका में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन चरवा, कौशांबी में दर्ज प्राथमिकी से उत्पन्न मामले में जमानत की मांग की थी।

मामले के अनुसार पीड़िता बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। अभियुक्तों ने अवैध रूप से लोन पास करने हेतु पीड़िता पर दबाव बनाने के लिए एसिड हमला किया। पीड़िता ने विभिन्न आवेदन देकर यह बताया कि उसके परिवार पर केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि उसके आवेदनों पर संज्ञान नहीं लिया गया।

आजम के मशीनों को गायब करने के मामले में सुनवाई 22 को

प्रयागराज, अमृत विचार : आजम खान और उनके परिवार की मुश्किलें इन दिनों कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता वाकर अली खान द्वारा दर्ज मामले में आजम खान और अन्य की जमानत याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई गुरुवार को एक बार फिर से टाल दी गई है। अपर महाधिवक्ता पी.सी. श्रीवास्तव की प्रार्थना पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 22 मई को सुनिश्चित कर दी है। आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता वाकर अली ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था हेतु सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीन खरीदी गई थी, लेकिन उन मशीनों को आजम खान और उनके बेटे ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान के साथ मिलीभगत करके जौहर विश्वविद्यालय में लगवा दिया।

लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गुरुवार की देर शाम गोरखपुर से लारेंस बिश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोरखपुर के रहने वाले लारेंस गैंग के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गैंग के लिए मध्य इंदौर से असलहों की सप्लाई करता था। हरियाणा एसटीएफ लंबे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी।

लारेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य मनीष कुमार यादव की गिरफ्तारी गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र से की गई। मनीष यहीं के वार्ड नंबर 43 बरगतवा (रामलीला मैदान के पास) का निवासी भी है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गोरखपुर के ही आदर्शनगर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय विगत दिनों अंबाला जेल में बंद था। जेल में ही शशांक पांडेय की मुलाकात विक्की लाला से हुई थी। विक्की लाला लारेंस गैंग का सदस्य है। जेल से छूटने के बाद शशांक पांडेय भी विक्की लाला के माध्यम से लारेंस गैंग का सदस्य बन गया। यह लोग इंदौर मध्य से लारेंस गैंग के लिए असलहों की सप्लाई करने लगे। मनीष कुमार यादव भी गोरखपुर के शशांक पांडेय के माध्यम से विक्की लाला से मिला और तीनों मिलकर लारेंस गैंग को असलहा सप्लाई का काम करने रहे।

50 लाख रुपये की फिरौती न देने पर अंबाला में की थी मखन सिंह लबाना के घर फायरिंग

अप्रैल 2023 में अंबाला शहर में मखन सिंह लबाना से लारेंस बिश्नोई के गैंग के अनमोल बिश्नोई ने 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी। पैसा न देने पर मखन सिंह लबाना के घर पर फायरिंग कराई गई थी। अनमोल बिश्नोई लारेंस बिश्नोई का चचेरा भाई है। जब अनमोल बिश्नोई ने फिरौती मांगी थी, उस समय वह विदेश में था। पायरिंग के लिए विक्की लाला के साथ मिलकर शशांक पांडेय और मनीष यादव ने पिस्टल की सप्लाई बिश्नोई गैंग को की थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि विक्की लाला और शशांक पांडेय वर्तमान में भी अंबाला जेल में बंद हैं, लेकिन मनीष कुमार यादव फरार था। लारेंस गैंग को असलहा सप्लाई करने के संबंध में तीनों पर आर्म्स एक्ट के तहत शाहाबाद कुरुक्षेत्र में मुकदमा दर्ज है। इस मुकदमे में मनीष कुमार यादव भी वांछित था।

- **हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से मिली सफलता**

जूते-चप्पल की पोटली सिर पर रख पूर्व मंत्री ने दिलाई शपथ

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार : सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए पूर्व मंत्री ने वोट मांगने का अनोखा तरीका इजाद किया। फगुहा गांव के निकट आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने लोगों के चप्पल-जूते उतरवाए और उसकी पोटली बनाकर खुद के सिर पर रख लिया। मंच पर चढ़कर सपा को वोट देने की शपथ दिलाई और कहा कि आप सबके चरणों की धूल सिर पर रखकर न्याय दिलाऊंगा। जूते-चप्पल की गठरी सिर पर रखने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

गुरुवार को सपा के पक्ष मे कश्यप समाज को जोड़ने के लिए सभा हुई। उसमें पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप ने समाज के लोगों को सपा का पक्ष मे मतदान करने की शपथ दिलाई। पूर्व मंत्री ने लोगों के जूते-चप्पल अपने सिर पर रखकर कहा कि समाज के

मंच पर खड़े पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप सिर पर जूते की पोटली रख शपथ दिलाते हुए।

- **अखिलेश यादव के लिए फगुहा में कार्यक्रम कर मांगे वोट**

लोगों के पैरों की मिट्टी वह अपने सिर पर रखे हुए हैं। समाज के लोगों के चरणों की धूल की कसम खाते हैं कि उनके लिए वह संघर्ष करते रहेंगे। समाज के लोगों पर जब भी कोई परेशानी होगी, मदद की जाएगी। हर हाल में संविधान को बचाने के लिए काम करने की शपथ भी दिलाई।

42 लाख की अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र. एसटीएफ की बरेली इकाई ने गुरुवार को 42 लाख कीमत की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से तस्करी का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गन्ना मिल नेकपुर में हुई है। एसटीएफ उपाधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि एक गिरोह द्वारा अफीम तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस दौरान गिरोह से जुड़ीं सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। गुरुवार को जानकारी मिली कि गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड थाना सुभाष नगर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन तस्कर आने वाले हैं। इनके पास भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ हैं। इस दौरान गन्ना मिल नेकपुर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही कांग्रेस : नड्डा

जनसभा में गदा लेकर जीत की हुंकार भरते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल और अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- **चित्रकूट में चुनावी जनसभा में भाजपाध्यक्ष ने विपक्ष को घेरा**

अमृत विचार : कांग्रेस जाति, धर्म के बाद अब चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही है। घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को बेड़ी पुलिया के पास पार्टी प्रत्याशी और सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थन में हुई जनसभा में कहीं।

नड्डा ने सैम पित्रोदा का नाम लिए बिना कहा, राहुल का एक सिपहसालार है, जब भी विदेश जाते हैं, वो बड़े-बड़े बाल वाले उनके साथ घूमते रहते हैं, उनके सलाहकार हैं। उन्होंने क्या किया... अब चमड़ी के आधार पर भारत का विभाजन कर रहे हैं। चमड़ी के रंग पर बात करते हैं। नड्डा ने राहुल गांधी पर तंज कसा। बोले, आजकल राहुल गांधी संविधान की कापी लेकर घूमता रहता है, मैंने कहा कभी पढ़ भी लिया कर।

वर्ग पहेली-65

बाएं से दाएं

1.1. दल बनाना 2. आपस में कुछ लोगों के साथ मिलकर अलग गुट या दल बनाने की क्रिया या भाव 3. आपसी मतभेद के कारण किसी समुदाय या संस्था के सदस्यों का छोटे-छोटे गुट या दल बनाना।

5.1. जो उदारवादी न हो, रूढ़िवादी 2. रूढ़िवादी दल से संबद्ध 3. संकीर्ण मानसिकतावाला।

6.1. जल्दी मचाना, आतुर होना, उतावला हो जाना 2. तन-मन से असंतुलित हो जाना।

8.1. योग 2. संयोग, मिलाप 3. जोड़ 4. एक प्रकार का गीत जो कन्या और वर दोनों पक्षों में विवाह के समय गाया जाता है।

9.1. किसी वस्तु को क्रय करने के लिए दिया जाने वाला धन, मूल्य, दाम 2. प्रतिष्ठा, महत्व 3. योग्यता, गुण।

ऊपर से नीचे

2. वह दिखावे भर की घुड़की जिसका कोई परिणाम न हो, महज़ डराने भर की धमकी, झूठी धमकी, गीदड़ भभकी।

3.1. रंगीन द्रव जो किसी सतह पर साज-सज्जा या सुरक्षा हेतु लगाया जाता है 2. चित्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले रंगीन द्रव, रोगन।

4. सुंदर अवसर, अच्छा मौका, कार्य-साधन हेतु अनुकूल और उपयुक्त परिस्थितियां।

7. जो नष्ट हो चुका हो या किया जा चुका हो, नष्ट।



वर्ग पहेली -64 का हल

1 जु			2 अ	3 गु	रु	
हू		4 वि	भे	द		5 या
र			द			द
			मू			आ
6 अ	वि	च	ल	7 ता		व
ब			8 क	र	ता	री
री						

सुडोकू-144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1				1	3		
4					2			
6						1		
	8			5				
	2	6						
	3			4				
		1	6					
		7	9					
							4	

सुडोकू -143 का हल

5	7	1	4	3	9	2	8	6
3	6	9	7	2	8	4	1	5
2	4	8	5	6	1	7	3	9
4	8	3	9	1	7	6	5	2
1	9	5	2	8	6	3	7	4
6	2	7	3	5	4	8	9	1
7	1	4	6	9	3	5	2	8
8	5	6	1	7	2	9	4	3
9	3	2	8	4	5	1	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 11 मई 02 .50 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 10 .47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें। आपको जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। कारोबार बढ़ाने के अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें।

वृष — आज लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी आय बढ़ाने के काफी प्रयास करेंगे। परिवार के छोटों की चिंता रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेगा।

मिथुन — आज दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। दिखावे के लिए खर्च करने से बचें। आपको तनाव वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।

कर्क — आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। आप दूसरों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी सामाजिक छवि में वृद्धि होगी। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

सिंह — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। प्रबंधन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। साहित्य में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आपको शारीरिक श्रम ज्यादा करना पड़ेगा, किंतु आप एकाग्र होकर अपने कार्यों में लगे रहें।

कन्या — आज जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग से मनमुटाव हो सकता है। लोगों की बातों को ज्यादा महत्व न दें।

तुला — आज मित्रों की राय लेना न भूलें। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आपको उधार धन देने से बचना होगा। गलत और अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। धन के निवेश को लेकर सावधान रहें। मन में असंतोष का भाव रहेगा।

वृश्चिक — आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है जिसका आप काफी इंतजार कर रहे थे। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

धनु — आज आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप शुरू कर सकते हैं। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है। स्वर्ण और महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपका दिन विशेष उन्नति कारक रहेगा।

मकर — आज आपके पाचन तंत्र में गड़बड़ी हो सकती है। शेयर मार्केट के माध्यम से लाभ हो सकता है। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी।

कुंभ — आज राजनीति से जुड़े लोगों को आलोचना झेलनी पड़ेगी। वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। घर के सदस्यों से मनमुटाव हो सकता है। माता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। शाम के समय दोस्तों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

मीन — आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन शुभ है। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। अधिकारी आपके कार्यों से खुश रहेंगे। बिजनेस में गति आ सकती है। प्रतियोगिता और परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा — सुबह : 10 .47
- लोहा — रात : 07 .02

&pictures
- बत्ती गुल मीटर चालू — सुबह : 08 .06
- खट्टा मीठा — दोपहर : 02 .15

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 10 .15
- एज ऑफ टूमारो — रात : 07 .17

ZEE CINEMA
- बाजी — सुबह : 10 .15
- नाम शबाना — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
- दो रास्ते — सुबह : 11 .27
- कुछ कुछ होता है — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पुलिस (चोर से)- तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर- सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

पति- मैं नाश्ता नहीं करुंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
चार पराठे खाने के बाद
पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन
सुनते ही पति के होश उड़ गए।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,404.17	21,957.50
नुकसान	1,062.22	345.00
प्रतिशत में	1.45	1.55

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 10 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1820, राज श्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1560, जय जवान 1405, सचिन 1525, सूरज 1430, अवसर 1620, राग गोल्ड 1600, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1550, चक्र टिन 1635, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1790, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11300, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7550, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14500, अरहर कोरा मोटा 14800, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**-डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

उपज को मिला बाजार, मंडियों ने कमाए 1716 करोड़

देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर किसानों को उनकी फसल के मिले वाजिब दाम

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- किसानों ने बढ़ाई मंडी की आय 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये हुई थी कमाई

इन वर्षों में ये रही आय

2018-19	1823 करोड़
2019-20	1986 करोड़
2020-21	977 करोड़

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की मंडी समितियों ने विपणन यानी मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को उपज के सही दाम और बाजार देकर जोड़ा है। किसानों को मंडियों में ई-नाम से उपज की देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर वाजिब दाम मिलने से बिक्री में फायदा हुआ है।

इससे मंडी के बाहर बिचौलियों और व्यापारियों को औने-पौने दामों पर उपज बेचने की निर्भरता कम हुई है। इसका फायदा किसानों के साथ मंडी समितियों को भी हुआ है। किसानों और व्यापारियों के बीच मंडी में हुए कारोबार से कुल 251 मंडी समिति ने 2023-24 में 1716 करोड़ रुपये कमाये हैं। जबकि वर्ष 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी। इस एक वर्ष में 13 फीसद आय में इजाफा हुआ है। जबकि 2021-22 में 614 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी।

दो साल से घटी थी आमदनी, बाहर शुल्क से हुआ फायदा: मंडी समिति परिसर के अंदर और बाहर कारोबार पर पहले कुल ढाई फीसद शुल्क व्यापारियों से लेती थी। जो करीब दो साल पहले घटाकर डेढ़ फीसद किया गया। इसमें बाहर कारोबार पर शुल्क माफ किया गया। इससे मंडी के अंदर वाले व्यापारी भी बाहर से कारोबार करने लगे। इसमें काफी घाटा हुआ तो मंडी के बाहर भी डेढ़ फीसद शुल्क लागू किया गया। साथ ही दो साल से बंद सचल दल के चालू होने से शुल्क चोरी पर लगाम लगी और जुर्माना से आय में इजाफा हुआ। इसी तरह सुपर मार्केट का किराया, विशिष्ट मंडी का किराया व प्रीमियम, लाइसेंस शुल्क आदि से आय बढ़ी है।

व्यवस्थाओं और सख्ती से आया बदलाव: मंडी समितियों में ऑफलाइन व्यवस्था से कारोबार सीमित था और व्यापारियों व बिचौलियों का हस्तक्षेप था। लेकिन, इधर दो वर्षों में ऑनलाइन व्यवस्था से मंडियां हाईटेक हुईं। किसानों की उपज ई-ऑक्सन यानी ऑनलाइन बोली से देश-प्रदेश में खरीदी जाने लगी।

वहीं किसानों को फसलों के दाम भी उपज की गुणवत्ता के आधार पर मिलने लगे। इससे किसान मंडियों के व्यापारियों तक सीमित नहीं रहे बल्कि सीधे बाहरी व्यापारियों से जुड़े। प्रदेश के किसानों को गेट पास, भुगतान, तौल आदि ऑनलाइन जैसी सहूलियत मिली है।

इस संबंध में मुख्यालय मंडी परिषद के उप निदेशक विपणन-प्रशासन चंदन कुमार पटेल ने बताया कि मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को बिक्री में सुविधाएं दी हैं। उनकी उपज देश-प्रदेश में बिकने लगी है। दाम भी गुणवत्ता के आधार पर मिलते हैं। इससे किसानों को फायदा हुआ है और मंडी की आय एक वर्ष में कई गुना बढ़ी है। इसके चलते पूरे प्रदेश के सभी किसानों की आय में इजाफा हुआ है।

बीते वित्त वर्ष में 238 में से 115 गंतव्यों को भारत का निर्यात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 238 गंतव्यों में से 115 देशों को भारत का निर्यात बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के इन 115 निर्यात गंतव्यों की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत है। इन देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, सेवा निर्यात बढ़कर 341.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 325.3 अरब डॉलर था। आंकड़ों से पता चला कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 2022-23 में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में देश का कुल निर्यात 778.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 776.4 अरब डॉलर रहा था। इस तरह देश के निर्यात में 0.23 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	84,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	71,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	82,500
चांदी तैयार	82,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	71,000
सोना जेवरात गिन्नी	70,000
चांदी पक्की	815 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,550
चांदी आभूषण	82,600।

सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 1,500 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अभियान से भी कम नहीं हुई यूरिया की खपत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखीमपुर खीरी, कासगंज फर्रुखाबाद व बदायूं में सुधार नहीं
- पीएम प्रणाम से जनवरी में यूरिया की खपत हुई थी कम, फिर बढ़ी

अमृत विचार : कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुज्जफरनगर व मेरठ में पीएम प्रमोशन ऑफ अल्टरनेट न्यूट्रिएंट्स फॉर एग्रीकल्चर मैनेजमेंट (पीएम प्रणाम) अभियान का कोई असर नहीं दिखा।

इन जिलों में जागरूकता के बाद भी इस वर्ष 1 अप्रैल से पांच मई तक पिछले वर्ष की अपेक्षा 26,828 मीट्रिक टन यूरिया अधिक बिकी है। यदि यह यूरिया खेतों में इस्तेमाल हुई तो किसानों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम नहीं हुई है। इसमें मिट्टी के साथ पर्यावरण को नुकसान हैं। जबकि अभियान का मकसद नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके आदि विकल्प का उपयोग कर रसायनिक उर्वरकों की खपत कम करना है। जनवरी में इस अभियान के असर से प्रदेश में यूरिया की खपत कम हुई थी और लक्ष्य से कम जिलों पर बिकी थी। जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने से बढ़ा नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटास (एनपीके) का अनुपात 10 प्रतिशत तक कम हुआ था। जो पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्य की तरह 75 प्रतिशत के आसपास था। संयुक्त निदेशक कृषि (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि किसी तरह की रोक नहीं है। लेकिन, जिन फसलों में जरूरत होती है वहां यूरिया का इस्तेमाल होता है।

पांच जिलों में नहीं हुआ सुधार: जनवरी में अभियान से बरेली, मुरादाबाद, चंदौली, अमरोहा, बाहराइच, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, प्रयागराज, मिर्जापुर, सीतापुर व उन्नाव में जागरुकता आई थी। इससे जिलों पर लक्ष्य से कम यूरिया बिकी थी। जबकि लखीमपुर खीरी, कासगंज, बदायूं, बुलंदशहर, रामपुर, अलीगढ़, संभल, मैनपुरी, सहारनपुर, मथुरा व फर्रुखाबाद ने लक्ष्य से अधिक यूरिया बेची थी। इनमें लखीमपुर खीरी, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद व बदायूं में कोई सुधार नहीं हुआ है। जहां 35 दिन के अंतराल में 1000 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया बिकी है।

देशभर में अप्रैल में भर्ती गतिविधियां नौ प्रतिशत बढ़ीं

मुंबई। देश के भीतर अप्रैल में सालाना आधार पर भर्तियों में नौ प्रतिशत की 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो रोजगार अवसरों में सुधार की तरफ इशारा करता है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। फाउंडइट (पूर्व में मॉन्स्टर) के ऑनलाइन भर्ती सूचकांक से पता चलता है कि अप्रैल महीने में मुख्य रूप से उत्पादन एवं विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और खुदरा क्षेत्रों में नियुक्तियों में सुधार आया है।

राष्ट्रीय

उप्र, मप्र समेत आठ राज्य सरकारों ने दिए बाल विवाह रोकने के निर्देश

नई दिल्ली। देश की राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मप्र और बिहार समेत आठ राज्य सरकारों ने अधिसूचनाएं जारी कर प्रशासन को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए गांवों और प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों ने अपने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय और विभिन्न राज्यों के बाल अधिकार संरक्षण आयोगों ने गांवों और पंचायतों में अनिवार्य रूप से एक विवाह रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं।

15 सेंकड के लिए पुलिस हट जाए तो दोनों भाइयों का पता नहीं चलेगा

हैदराबाद, एजेंसी

- भाजपा नेता नवनीत राणा का ओवैसी भाइयों पर तीखा हमला

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई अकबरुद्दीन पर तीखा हमला करते हुए भाजपा नेता नवनीत राणा ने कहा कि अगर 15 सेकंड के लिए पुलिस को ड्यूटी से हटा दें तो दोनों भाइयों को पता नहीं चलेगा कि वे कहां से आए और कहां गए।

राणा का बयान एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 में दिए गए उस विवादित भाषण के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस को हटा दिया जाए तो देश में हिंदू-मुस्लिम अनुपात को बराबर लाने में उन्हें केवल 15 मिनट लगेंगे। महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राणा ने कहा-छोटा (अकबरुद्दीन) बोलता है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटाओ तो दिखाएंगे कि हम क्या कर सकते हैं। मेरा कहना है तुम 15 मिनट लगाओगे पर हमको 15 सेकंड लगेंगे। अगर 15 सेकंड पुलिस को हटाया तो छोटे और बड़े को यह पता नहीं लगेगा कहां से आए और कहां गए।

वकीलों की शिकायत पर महिला आयोग, दिल्ली सरकार से जवाब तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' में काम करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कई वकीलों की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें उनकी अल्पकालिक संविदा नियुक्ति और अपर्याप्त वेतन को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग को और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में दलील दी है कि उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाए।

2024 का लोकसभा चुनाव राहुल बनाम मोदी

तेलंगाना में अमित शाह ने कांग्रेस-बीआरएस व एआईएमआईएम को कहा तुष्टीकरण की तिकड़ी

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी है और इसमें मुकाबला विकास के लिए वोट और जिहाद के लिए वोट के बीच है। तेलंगाना के भोनगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 'तुष्टीकरण की तिकड़ी' बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध भी करते हैं।

उन्होंने कहा-ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक हुए पहले तीन चरणों में भाजपा को करीब 200 सीटों पर जीत मिलेगी और पार्टी को 400 सीट के लक्ष्य को पार कराने में मदद के लिए तेलंगाना को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना की 17 में से चार लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी।

चुनाव मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा है : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि चार जून को एक बार जब विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस अपनी सरकार बना लेगा तो वह उन्हें 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरियां देने का काम शुरू कर देगी। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है। वह फिसल रहे हैं और वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला किया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

एक नजर

सुरक्षा बलों ने दो आईईडी को बरामद कर किया निष्क्रिय

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुँचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किग्रा के दो देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस बलों ने बहुत ही सजगता से नक्सलियों के इन मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सुरक्षा बलों ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बर्रेम और पोटाली जाने वाले रास्ते पर जांच की और वहां से आईईडी बरामद किया। डीआरजी और बस्तर फाईटर दंतेवाड़ा के बल गुरुवार को थाना अरनपुर क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए निकले थे।

हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल और सात मैगजीन बरामद की। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जालंधर 'काउंटर इंटेलिजेंस' ने इस अभियान को अंजाम दिया। इनकी पहचान रय्या के रहने वाले हरप्रीत सिंह और अमृतसर के राहुल मसीह के रूप में हुई।

रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई नहीं आया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीडब्ल्यू ने कई मीडिया संगठनों के दावों का किया खंडन

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि कोई भी पीड़िता कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आई है और आयोग के पास पहुंची एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके साथ जनता दल (एस) (जेडीएस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए जबरदस्ती की गई। आयोग ने कई मीडिया संगठनों के उन दावों का भी खंडन किया कि प्रज्वल रेवन्ना मामले में 700 महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी।

आयोग ने कहा-ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने वाली 700 महिलाएं एक सामाजिक कार्यकर्ता समूह से जुड़ी हैं और मामले में प्राथमिक शिकायतकर्ता के साथ उनकी कोई सीधी भागीदारी या संबंध नहीं है। आयोग ने मीडिया में चल रही खबरों के जवाब में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को बनाए रखने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए स्वतःकार्रवाई शुरू की। आयोग ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए। रिपोर्ट में पीड़ितों द्वारा यौन शोषण की शिकायतों के आधार पर दो मामलों के पंजीकरण का संकेत दिया गया है, साथ ही एक रिश्तेदार द्वारा अपहरण के लिए दायर एक अतिरिक्त शिकायत भी दर्ज की गई है। आयोग ने एक बयान में कहा-इस मामले में कोई भी पीड़ित आयोग में शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आया है। एक महिला शिकायतकर्ता आयोग में सिविल वर्दी पहने तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आई थी, जिन्होंने कथित तौर पर खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया और उस पर इस मामले में झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। उन्होंने कहा कि उसे फोन करके शिकायत करने की धमकी दी जा रही है। बयान में कहा गया ''यह पता चला है कि इस शिकायतकर्ता को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा संभावित उत्पीड़न और झूठे आरोपों की धमकी के तहत शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था। साथ ही पीड़िता ने स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए अपने परिवार के कल्याण के लिए सुरक्षा की मांग की है।

राज्यपाल ने सीसीटीवी फुटेज आम लोगों को दिखाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल का छेड़छाड़ मामला

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला कर्मचारी की ओर से छेड़छाड़ का आरोप लगाये जाने के बाद राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को आम लोगों को परिसर की दो मई की सीसीटीवी फुटेज दिखाई।

राजभवन के ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल मार्बल हॉल में कुछ लोगों को दो मई शाम करीब 5.30 बजे की मुख्य (उत्तरी) गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने गत शुक्रवार को कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बोस ने राज्यपाल आवास में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बोस ने बुधवार को कहा था कि वह राजनीतिक नेता ममता बनर्जी और उनकी पुलिस को छोड़कर आम लोगों को संबंधित सीसीटीवी फुटेज दिखाएंगे। एक घंटे से अधिक समय की फुटेज में, नीली जींस और टॉप पहने महिला को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस चौकी की ओर जाते देखा गया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के सिलसिले में राजभवन परिसर में तैनात थे। मोदी दो मई को राजभवन में रात में ठहरे थे और उन्होंने 3 राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया था।

ऑनलाइन जुआ हारने पर व्यक्ति ने पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

भुवनेश्वर। ओडिशा के झारसुगुड़ा में बृहस्पतिवार सुबह एक कार से एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी के शव बरामद किये गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। झारसुगुड़ा के पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तमदास ने बताया कि मृतकों की पहचान सुजीत रे, उनकी पत्नी खुशबू और बेटी अर्पिता के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के लखनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में बनीपाहदा के पास एक मैदान में खड़ी कार से उनके शव बरामद किए गए, जिन पर गोलियां लगने के घाव हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि ऑनलाइन जुआ में लाखों रुपये हारने के बाद परेशान होकर सुजीत ने पहले अपनी पत्नी तथा बेटी को गोली मारी और फिर खुदकुशी कर ली।

संजय राउत की टिप्पणी के खिलाफ निर्वाचन आयोग व पुलिस को लिखा पत्र

मुंबई। भाजपा ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग और मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की कथित टिप्पणी के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने आरोप लगाया कि ऐसी टिप्पणियां प्रधानमंत्री के जीवन के लिए सीधा खतरा है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा-राउत ने अहमदनगर में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महाराष्ट्र में दफनाने की धमकी दी थी।

खुली जेल भीड़ कम करने का हो सकता है समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़भाड़ कम करने का समाधान हो सकता है और इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान हो सकता है। अर्ध-खुली या खुली जेल प्रणाली के तहत दोषियों को दिन के दौरान परिसर के बाहर आजीविका कमाने और शाम को वापस लौटने की अनुमति होती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में आत्मसात करने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए लाया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

जेलों और कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह देश भर में खुली जेलों की मौजूदगी का विस्तार करना चाहती है। पीठ ने कहा-जेलों में भीड़भाड़ की समस्या का एक समाधान खुली हवा वाली जेलों/शिविरों की स्थापना करना हो सकता है। उक्त प्रणाली राजस्थान राज्य में कुशलतापूर्वक काम कर रही है। जेल में भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के अलावा, यह कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान करती है। इसने स्पष्ट किया कि वह जेलों और जेल सुधारों से संबंधित मुद्दों पर नहीं जाएगी जो पहले से ही कुछ अन्य याचिकाओं में उसकी समन्वय पीठों के समक्ष लंबित हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उसने खुली जेलों पर सभी राज्यों से प्रतिक्रिया मांगी थी और उनमें से 24 ने जवाब दिया है। इस मामले में न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि दोषियों को इस बारे में सूचित नहीं किया जाता कि उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपीलीय अदालत से संपर्क करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर पूरे देश में एक समान ई-प्रिजन मॉड्यूल हो तो इनमें से कई चीजों को सुलझाया जा सकता है। उसने कहा कि व्यापक जेल प्रबंधन प्रणाली ई-प्रिजन मॉड्यूल के मुद्दे को एक समन्वय पीठ द्वारा निपटाया जा रहा है। पीठ ने कहा-हम इस कार्यवाही में खुली जेलों के मुद्दे पर भी विचार करेंगे।

आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	12	634
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
ट्रेविस हेड हैदराबाद	12	533

प्ले ऑफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी सीएसके

अहमदाबाद, एजेंसी

चोटों और अंतर्राष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजुर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा।

चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होंगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं, उनमें चेन्नई (0.700) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरूख खान और मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित और लिटिल महंगे साबित हुए हैं।

कैंसर जागरूकता के लिए लैवेंडर जर्सी पहनेगी टाइटंस

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दूसरे वर्ष कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ घरेलू मैदान पर आखिरी मुकाबले में विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है और इसके लिए लैवेंडर जर्सी हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और उबरे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग को साल के अंत तक के लिए किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने की कार्रवाई, ट्रेनिंग के लिए नौ लाख की राशि की स्वीकृत

कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया था। बचाव में बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने बताया कि वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

खेल डायरी

स्मैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारी मनिका

जेद्दा। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को गुरुवार को सऊदी स्मैश टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की पूर्व एशियाई चैंपियन हिना हयाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया है। आज यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी के इनफिनिटी एरिना में मनिका बत्रा को 39 मिनट चले मुकाबले में हिना हयाता ने 4-1 (11-7, 6-11, 4-11,11-13, 2-11) से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने अपने मजबूत फोरहैंड का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन हयाता ने फ्लैट रिटर्न के साथ बत्रा से लगातार गलतियां करवाते हुए बाद के चार गेम जीत लिए।

अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

वारसॉ। फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे।

अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी का निधन

चेन्नई। अंतर्राष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक (मेंटर) वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 वर्ष के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा। इस खेल के प्रति उनके अति-आधुनिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने अधिकांश साथियों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखा।

विश्व पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

नई दिल्ली। भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने गुरुवार को विश्व पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग (एनएसजी) और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरूआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा भारत में शुरूआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है। लीग के शुरूआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। लीग में टीमों के लिए भारतीय खिलाड़ियों और जूनियर खिलाड़ियों को रखना भी जरूरी होगा जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने के लिए टीम का हिस्सा बनेंगे।

हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली। हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

आरसीबी ने लगाया जीत का चौका

कोहली ने खेली 92 रनों की शानदार पारी, पंजाब को 60 रनों से हराया, बेंगलुरु के लिए प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार

धर्मशाला, एजेंसी

विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराकर प्ले ऑफ से बाहर कर दिया है।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में विल जैक्स (12) को पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और

तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाए। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। विधवत कावेरप्पा ने दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रूसो ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 65 रनों की साझेदारी हुई। छठे ओवर में बेयरस्टो 16 गेंदों (26) रन बनाकर आउट हुए। रूसो ने 27 गेंदों में सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 19 गेंदों में (37), जितेश शर्मा (5), लिविंगस्टंग (शून्य), कप्तान सैम करन 16 गेंद में (22), आशुतोष शर्मा (8), हर्षल पटेल (0) और अर्शदीप चार रन बनाकर आउट हुए। राहुल चाहर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद सिराज ने आखिर तीन विकेट झटकते हुए पंजाब की पूरी टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमटते हुए अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिला दी।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	11	8	3	16	+0.476
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
चेन्नई	11	6	5	12	+0.700
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
बेंगलुरु	12	5	7	10	+0.217
मुंबई (बा)	12	4	8	8	-0.212
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423
गुजरात	11	4	7	8	-1.320

बेंगलुरु 241/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कैच रुसो बो अर्शदीप	92	47	7/6
डुप्लेसी कैच शशांक बो विद्वथ	9	7	2/0
विल जैक्स कैच हर्षल बो विद्वथ	12	7	1/1
रजत कैच बेयरस्टो बो सैम कुरेन	55	23	3/6
कैमरून ग्रीन कैच सैम कुरेन बो हर्षल	46	27	5/1
दिनेश कार्तिक कैच सैम कुरेन बो हर्षल	18	7	1/2
महीपाल लोमरोर बोल्ड हर्षल	0	2	0/0
स्वप्निल सिंह नाबाद	1	1	0/0

गेंदबाजी : विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैन कुरेन 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, राहुल चाहर 3-0-47-0, लिविंगस्टोन 3-0-28-0

पंजाब 181/10

17 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
प्रभुसिमरन सिंह पगबांधा बो स्वप्निल	6	4	1/0
बेयरस्टो कैच डुप्लेसी बो लॉकी	27	16	4/1
राइली रुसो कैच जैक्स बो कर्ण	61	27	9/3
शशांक सिंह रन आउट (कोहली)	37	19	4/2
जीतेश शर्मा बोल्ड कर्ण	5	4	1/0
लिविंगस्टोन कैच कर्ण बो स्वप्निल	0	2	0/0
सैम कुरेन बो लॉकी	22	16	2/0
आशुतोष शर्मा पगबांधा सिराज	8	5	0/1
हर्षल कैच लॉकी बो सिराज	0	1	0/0
राहुल चाहर नाबाद	5	5	1/0
अर्शदीप सिंह कैच कर्ण बो सिराज	4	3	1/0

गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-28-2, सिराज 4-0-43-3, यश दयाल 2-0-22-0, लॉकी 3-0-29-2, जैक्स 1-0-5-0, ग्रीन 1-0-16-0, कर्ण 3-0-36-2

चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची रियल मैड्रिड

मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रीयाल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई। फाइनल में रियल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरूसिया डोर्टमंड से होगी।

केएल राहुल की कप्तानी की आलोचना अंतिम मैचों में भी कर सकते हैं अगुवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को करारी हार के बाद आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर होने से लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर बहस तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रहीं थी कि कप्तान स्वयं अपना पद छोड़कर बाकी बचे दो मैचों में अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि सिर्फ दो मैच बचे होने के कारण राहुल के टीम की अगुआई करते रहने की उम्मीद है।

आईपीएल के सूत्र अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले पांच दिन का ब्रेक है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है लेकिन समझा जा रहा है कि अगर राहुल बाकी बचे दो मैच में सिर्फ अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाते हैं तो प्रबंधन को कोई दिक्कत नहीं होगी। सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी हार के बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका का राहुल के साथ नाराजगी में बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर आया था।

डायमंड लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारी करेंगे नीरज और किशोर

दोहा, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चोपड़ा ने कहा मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है। यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा।

ओमेगा ने नीरज चोपड़ा को खेल दूत बनाया

नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा

को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक टाइमकीपर (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है। चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

भारतीय महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप 5-0 से जीती श्रृंखला

सिलहट। दयालन हेमलता (37) और स्मृति मंधाना (33) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजी में राधा यादव के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को पांचवें टी-20 मैच में बांग्लादेश की टीम को 21 रन से हराते हुए श्रृंखला 5-0 से अपने नाम कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 157 रनों का लक्ष्य दिया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन बनाए। 156 रनों के जवाब में मेजबान बांग्लादेश के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन रहा और वे भारतीय गेंदबाजी के आगे टीक नहीं सके। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 135 रन ही बना सकी और मुकाबला 21 रन से हार गई।

बॉलीवुड हलचल

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। कहा जा रहा है कि सलमान खान की एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर के लिए अभिनेत्री का नाम फाइनल हो गया है। रश्मिका मंदाना फिल्म सिंकदर में सलमान खान के अपोजिट काम करती नजर आ सकती हैं। माना जा रहा है कि रश्मिका मंदाना सुपरस्टार सलमान खान के साथ पहली बार काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मनोज की भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। भैया जी, मनोज बाजपेयी के करिअर की 100वीं फिल्म है। भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है। इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे। भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है। भैय्या जी, गांव पुपड़ी, जिला सीतामंडी, बिहार। एक सीन में मनोज बाजपेयी ऐलान करते हैं कि निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार। मनोज बाजपेयी इस फिल्म को को-प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म 24 मई को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

बेहतर संबंध निभाने में भारत अग्रसर

- तनाव के बीच भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री से जयशंकर की दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी

तनाव के बीच पहली बार भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को मजबूत करने में सक्षम बनाया।

मूसा से मुखातिब विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निकटतम पड़ोसियों के रूप में, हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत का सवाल है मालदीव के साथ रिश्ते हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर (सागर) दृष्टिकोण पर आधारित है। जयशंकर ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक सफल होगी। बता दें कि हिंद महासागर में आपसी समुद्री सहयोग के लिए भारत सागर की नीति पर चलता है। इसका मतलब सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन (सागर) है। विदेश मंत्री मूसा का भारत दौरा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने चुनावी अभियान में 'इंडिया आउट' जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने पीमए मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद पर्यटन पर आधारित देश मालदीव को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था।

नई दिल्ली में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के साथ मौजूद एस जयशंकर।

पड़ोसियों से साझेदारी बहुत मूल्यवान

द्विपक्षीय वार्ता के दौरान जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से कहा, दुनिया आज अस्थिरता के साथ-साथ और अनिश्चितता के दौर से भी गुजर रही है। ऐसे समय में दुनिया के सामने कोरोना महामारी जैसी विकराल चुनौती भी आई। प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक कठिनाइयों के दौरान हमने देखा कि पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ साझेदारी बहुत मूल्यवान है।

वैवाहिक संबंध बनाने को पैरोल की अनुमति नहीं देता कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इनकार, लिव-इन पार्टनर से संतान पैदा करना चाहता है कैदी

उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी को राहत देने से इनकार करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि कानून और जेल नियमों के अनुसार एक दोषी व्यक्ति अपने लिव-इन पार्टनर से संतान पैदा करने के लिए मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकता है, जबकि उसका जीवनसाथी जीवित है और उसके पहले से ही बच्चे हैं।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि जेल नियम किसी कैदी को वैवाहिक संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल की अनुमति नहीं देते हैं। अदालत ने कहा कि लिव-इन पार्टनर की बात छोड़ दें किसी की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी के साथ भी दाम्पत्य संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल देने की अनुमति नहीं देता है। अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए कैदी की जमानत याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता कैदी ने पहले यह जानकारी नहीं दी थी कि महिला उसकी लिव-इन पार्टनर है। याचिका में महिला को उसकी पत्नी बताया गया था।

याची ने यह भी नहीं बताया था कि वह अपनी पहली पत्नी से कानूनी तौर पर अलग नहीं हुआ है और उसके तीन बच्चे हैं। दिल्ली जेल नियमों के अनुसार एक कैदी को अपने पारिवारिक जीवन में निरंतरता बनाए रखने और पारिवारिक और सामाजिक मामलों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए पैरोल या छुट्टी दी जा सकती है। अदालत ने पैरोल देने से इनकार करते हुए कहा है कि, परिवार के सदस्य में याचिकाकर्ता का लिव-इन पार्टनर शामिल नहीं होगा।

ऑस्ट्रेलिया ने छात्र वीजा नियम बदले, आज से लागू

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय छात्र वीजा सेविंग की अनिवार्यता में इजाफा कर दिया है। अब भारतीय और अन्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पाने के लिए 16 लाख 29 हजार रुपये की सेविंग के प्रूफ अपने बैंक अकाउंट में दिखाने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सात महीने के दौरान वीसा सेविंग में 41% की बढ़ोतरी कर चुका है। पिछले साल अक्टूबर तक भारतीय स्टूडेंट को वीजा पाने के लिए 11 लाख 54 हजार रुपये अपने सेविंग बैंक अकाउंट में दिखाने होते थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेविंग लिमिट को 13 लाख 44 हजार रुपये कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 16 लाख 29 हजार रुपये कर दिया है। नए नियम 10 मई यानी आज से लागू होंगे।

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे

ऑस्ट्रेलिया में अभी 1.22 लाख भारतीय छात्र हैं। दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 के दौरान भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्टूडेंट्स को दाखिले के लिए मिनिमम स्कोर को 5.0 से बढ़ाकर 5.5 कर दिया है। हर पखवाड़े में स्टूडेंट वर्क ओवर को 56 घंटे से घटा कर 48 घंटे कर दिया गया। कोई भी छात्र अपने मुख्य कोर्स के साथ एक समय में दूसरे कोर्स में भी एनरोलमेंट नहीं करा पाएगा।

अग्रेजी भाषा टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना जरूरी

इसके अलावा, इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना अब जरूरी कर दिया गया है। साथ ही सरकार छात्रों को ऐसे तरीके अपनाने से रोक रही है जिनसे वो अपना वीजा एक्सटेंड करवा सकें। ऑस्ट्रेलिया में दिए गए अस्थायी छात्र वीजा की संख्या जुलाई 2023 में 6,54,870 के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है।

पढ़ाई के साथ खर्च निकाल सकेंगे छात्र

विदेशी छात्रों को ऑस्ट्रेलियन वीज़ा के लिए क्वालीफाई करने के लिए कम से कम 16,29,964 सेविंग दिखाना होगा, ये नियम कल यानी 10 मई, 2024 से लागू होगा। सरकार का ये कहना है कि ये बदलाव इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के दौरान जरूरी खर्च निकाल सकें।

एक नजर

हज जायरीन का पहला जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर से हज जायरीन का पहला जत्था गुरुवार को सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, 642 जायरीन दो उड़ानों से इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल मक्का और मदीना के लिए रवाना हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर से 7 हजार से अधिक जायरीन हज पर जाएंगे। जब रिश्तेदारों ने हज जायरीन को विदा किया तब श्रीनगर के हज हाउस में भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और हर साल दुनियाभर के मुस्लिम इसे करने के लिए मक्का और मदीना जाते हैं।

सिंगापुर: धोखाधड़ी के जुर्म में भारतवंशी को आठ साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक घोटालेबाज को छह लोगों से 28.5 लाख सिंगापुरी डॉलर (21 लाख डॉलर) तक की ठगी करने के जुर्म में गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई। मीडिया के अनुसार, 47 साल के मुरलीधरन मुहुंदन ने अपने पीड़ितों को 'फीस', 'कमीशन' और अन्य फर्जी भुगतान के जरिए धोखा दिया। पीड़ितों को पहले के निवेश में पहले ही नुकसान हो चुका था। सिंगापुर के शख्स ने जून 2020 और अक्तूबर 2022 के बीच अपराधों को अंजाम दिया था। अब पांच अप्रैल को उसे 7,37,036 डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी के 18 मामलों में दोषी ठहराया गया। गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई।

पाकिस्तान में अज्ञात लोगों ने छात्राओं के स्कूल को बम से उड़ाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के वजीरिस्तान में के एक गांव में छात्राओं के एकमात्र प्राइवेट स्कूल को बम से उड़ा दिया गया। इस धमाके में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार डेरा इस्माइल खान जिले के द्रजंदा इलाके में यह घटना घटी है। स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड का कहना है कि कुछ अज्ञात लोगों ने स्कूल को बम से उड़ा दिया और दो कमरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गार्ड ने यह भी बताया कि इस दौरान उसे बुरी तरह से पीटा गया। बताया गया है कि क्षेत्र में छात्राओं के लिए यह इकलौता निजी स्कूल था।

गुजरात : पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

भरूच। गुजरात के भरूच जिले में एक व्यक्ति को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गुजरात अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बताया कि आरोपी प्रवीण मिश्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों और रक्षा-संबंधित अनुसंधान एवं विकास फर्मों की अत्यधिक गोपनीय जानकारी जुटाई थी। सीआईडी ने उधमपुर स्थित सेना आसूचना से जानकारी मिलने के बाद अपनी जांच शुरू की थी। सीआईडी ने कार्रवाई के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला मिश्रा को भरूच से गरिफ्तार किया है।

भारत को अस्थिर करने में जुटा अमेरिका रूस बोला-पन्नू मामले में आरोप बेतुके

अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता

मॉस्को, एजेंसी

रणनीतिक साझीदार देश अमेरिका की एजेंसियों की तरफ से कभी भारत की धार्मिक आजादी के मुद्दे पर तो कभी खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर घेरा जा रहा है। ऐसे में भारत का पुराना रणनीतिक साझीदार देश रूस भारत के समर्थन में खुलकर आया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यहां तक कहा कि अमेरिका भारत को अस्थिर करने की कोशिश में है। पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका की तरफ से कोई ठोस सुबूत नहीं दिया गया है। मारिया ने कहा, 'अमेरिका को भारत के इतिहास और मानसिकता की समझ नहीं है। इसलिए अमेरिका लगातार भारत पर धार्मिक आजादी के मुद्दे पर आधारहीन आरोप लगा रहा है। इसका कारण यह है कि अमेरिका भारत में आंतरिक संतुलन को प्रभावित करना चाहता है और वहां चल रहे आम चुनाव को पेचीदा बना रहा है। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप भारत पर लगाने के मामले में भी जाखारोवा ने कहा, 'अभी तक हमारे पास जो सूचना है उसके मुताबिक अमेरिका ने भारत को अभी तक कोई ठोस सुबूत नही दिया है। इसमें किसी भारतीय नागरिक के शामिल होने की बात सामने नहीं आई है।

अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता। रूसी विदेश मंत्रालय के इस बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने बेहद सधी हुई टिप्पणी की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जब अमेरिका की रिपोर्ट आई थी, तभी हमने अपनी बात सामने रख दी थी। हम यह भी मानते हैं कि अगर कोई हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है तो वह गलत है।

पन्नू मामले में भारत पर क्या आरोप लगे

अमेरिका ने पिछले साल नवंबर में भारत पर न्यूयॉर्क में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस साजिश को नाकाम कर दिया गया था। इसके बाद 29 नवंबर को इस मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आई थी। इसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता का नाम था। चार्जशीट में लिखा था- मोदी के अमेरिकी दौरे के वक्त पन्नू को मारने की कोशिश की गई। इसकी प्लानिंग भारत के पूर्व सीआरपीएफ अफसर ने की।

रिपोर्ट सामने आने के बाद अमेरिका लगातार भारत से मामले की जांच में सहयोग की अपील कर चुका है। वहीं भारत ने अमेरिका के आरोपों को बेतुका बताया है। हाल ही में अमेरिका मीडिया हाउस वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय जांच एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का हाथ था। रिपोर्ट के मुताबिक पन्नू की हत्या की पूरी प्लानिंग रॉ के एक सीनियर अधिकारी विक्रम यादव ने की थी।

अमेरिका में भारतीय छात्र लापता, तलाश जारी

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाओं में बढोतरी हुई है।

फिर से अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा। शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडान रोड से लापता है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में भी एक भारतीय छात्र लापता हो गया था, जिसका अप्रैल में शव बरामद हुआ था। हैदराबाद के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव ओहायो के क्लीवलैंड से बरामद किया गया था। अरफात क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई करने अमेरिका गया था।

बांग्लादेश में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

ढाका। बांग्लादेश वायु सेना का एक प्रशिक्षक लड़ाकू विमान गुरुवार को बंदरगाह शहर चटगांव में एक नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, भगवान का शुक्र रहा कि पैराशूट से उड़ान भरने वाले दो पायलटों को बचा लिया गया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'बांग्लादेश वायु सेना का एक वाईएके-130 प्रशिक्षण विमान यांत्रिक विफलता के कारण चटगांव के पटेंगा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमान के दो पायलटों को बचा लिया गया।

ऑस्ट्रेलिया: भारतीय छात्र की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में भारत के 22 साल के एमटेक में पढ़ रहे छात्र की हत्या में भारतीय मूल के दो भाई को आस्ट्रेलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार के इन्हें मेलबर्न मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के नवजीत सिंह की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या की थी। उसकी हत्या के आरोप में 26 वर्षीय अभिजीत और 27 वर्षीय रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है। बता दें के कि नोबल पार्क के नवजीत संधू की हत्या और नोबल पार्क के अन्य व्यक्ति को घायल कर दोनों भाई भाग रहे थे। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि पर हत्या और दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। नवजीत के पिता जितेंद्र संधू ने बताया कि उसका 22 बेटा नवजीत सिंह संधू गांव से स्टडी वीजा पर नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया गया था। पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करता था। बसताड़ा गांव के दो युवक एक कमरे में रहते थे। दो दिन पहले बीजना गांव के स्वर्ण व रिषभ नवजीत के पास आकर रहने लगे। कुछ दिन बाद नवजीत पर एक अन्य छात्र ने चाकू से जानलेवा हमला किया। उनका आरोप है कि कुछ भारतीय छात्रों में किराए को लेकर विवाद हुआ था।

युद्ध विजय का जश्न...

मॉस्को: रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को विजय दिवस मनाया। सोवियत संघ को 1945 में नाजी जर्मनी के खिलाफ मिली जीत का जश्न रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पिछले करीब एक चौथाई सदी के शासन का अहम हिस्सा रहा है। इस युद्ध में सोवियत संघ के करीब दो करोड़ 70 लाख लोग मारे गए थे। पुतिन बोले- ये मौका सभी पीढ़ियों को एकजुट करता है। ● एजेंसी

भारतवंशी कारोबारी ने हिंदू फाउंडेशन को दिए 10 लाख डॉलर

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी व्यवसायी रमेश भुटाडा ने हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) को 10 लाख डॉलर का चंदा दिया है। उन्होंने कहा- एचएएफ को अगले चार वर्षों में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया। मार्च 2023 में उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित हिंदू विश्वविद्यालय को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का दान किए थे। यह अमेरिका का एकमात्र संस्थान है जिसमें हिंदू दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है।

ह्यूस्टन में एचएएफ के प्रतिभागियों ने भी 450,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए। उन्होंने कहा- भारतीय और हिंदू समुदायों पर निशाना साधने की हद पार कर ली है। जिसे गवर्नर गेविन न्यूसम ने वीटो कर दिया है।

पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत भूषण की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने टाली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकील प्रशांत भूषण की एक याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। इस याचिका में प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान को चुनौती दी है।

प्रशांत भूषण के वकील जयंत भूषण के उपलब्ध न होने के चलते जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी। प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में प्रावधान में संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने जनवरी 2016 में प्रशांत भूषण की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका में पासपोर्ट कानून, 1967 की धारा 6(2)(एफ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि किसी अपराध के आरोपी को पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता। साल 1993 में एक नोटिफिकेशन के जरिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया और बदलाव के तहत आरोपी को अदालत से एनओसी जारी करने पर एक साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है।

इजराइल ने सीरिया के कई हिस्सों पर किए हवाई हमले

दमिश्क। इजराइली युद्धक विमानों ने गुरुवार सुबह सीरिया की राजधानी दमिश्क के बाहरी हिस्सों को निशाना बनाया है, जिसमें बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान हुआ। सीरिया के रक्षा मंत्रालय की ओर से दिए गए बयान के अनुसार हवाई हमले इजराइल के कब्जे वाली गोलन पहाड़ियों की ओर से किए गए।

सीरियाई वायु रक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइली जेट द्वारा दागी गई कई मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर दिया। उनके प्रयासों के बावजूद भी कुछ मिसाइलें निशाने पर लगी जिससे संपत्तियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दमिश्क के आसपास के क्षेत्र में गूंजने वाले तीव्र विस्फोटों हुए है।

सैन्य ठिकानों पर हिंसा मामले में इमरान ने नहीं मांगी माफी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तानी सेना बोली-पूर्व पीएम सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक वे पार्टी से बात नहीं करेंगे

पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई को सैन्य प्रतिष्ठानों में हुई हिंसा के मामले में माफी मांगने से इंकार कर दिया। इसके बाद सेना ने कहा कि जब तक पूर्व पीएम सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक वे पार्टी से बात नहीं करेंगे।

बुधवार को अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के अल कादिर भ्रष्टाचार मामले में अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा कि वह अपनी पाकिस्तान तहरीक-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए धरने की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब उनसे पूछा गया कि क्या वह 9 मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए माफी मांगेंगे, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब दिया नहीं। उन्होंने कहा, मैंने (पूर्व) मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सामने 9 मई की घटनाओं की निंदा की थी।" उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें विरोध प्रदर्शनों के बारे में तब पता चला जब वह पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सामने पेश हुए। बता दें कि पूर्व पीएम भ्रष्टाचार से लेकर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने समेत कई मामलों में आरोपी होने के कारण पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

विज्ञान वैज्ञानिक बोले-आकार व निर्माण का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी खोज

सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: खगोल वैज्ञानिकों ने सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका देखी है। जिसका आकार हाथ के आकार जैसा निरन्तर फैल रहा है। यह खोज निहारिकाओं के रूप रंग के आकार व निर्माण का पता लगाने मे महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह निहारिका सीजी 4 आकाशगंगा के भीतर मौजूद है।

यह हास्य ग्लोब्यूल्स निहारिका है। इस तरह की 31 निहारिकाओं का पता अभी तक मिल चुका है। इसका आकार कुछ हाथ जैसा नजर आता है। जिस कारण इसका उपनाम भगवान का हाथ भी रखा गया है। जिसे देख प्रतीत होता है कि ब्रह्मांड में यही वह हाथ है, जो ब्रह्मांड को संचालित करता है। बहरहाल यह निहारिका वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह नेबुला पृथ्वी से लगभग 1400 प्रकाश वर्ष दूर है और इसके भीतर गैसों का उत्सर्जन बना हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि निश्चित रूप से यह अलौकिक और असाधारण है। पहली बार कोई ऐसी आकृति देखने को मिली है। विक्टर एम. ब्लैंको 4-मीटर टेलीस्कोप से इसकी तस्वीर ली गई है।

इस दूरबीन का कार्य करोड़ों आकाशगंगाओं का सर्वेक्षण करना है। इस निहारिका में तारों का निर्माण हो रहा है। इसके सिर का हिसा लगभग 1.5 प्रकाश-वर्ष व्यास में फैला हुआ है और पूंछ लगभग 8 प्रकाश-वर्ष लंबी है। इसका सिर घना और अपारदर्शी है, जो पास के तारों से रोशन नजर आता है। खास बात यह है कि यह विसरित लाल चमक से घिरी हुई है, जो इसे मनमोहक रूप प्रदान करता है।

नई मनमोहक निहारिका।

विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है यह नेबुला

नेबुला संभवत: एक विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है, और यही कारण हो सकता है कि ग्लोब्यूल्स का अपना अनोखा आकार है। वे मूल रूप से रिंग नेबुला की तरह गोलाकार निहारिका रहे होंगे। यह विस्फोट 10 लाख वर्ष पूर्व हुआ होगा। अलास्का एंकोरेज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

पाक में फिर आतंकी हमला, 7 श्रमिकों की मौत, एक घायल

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। अशांत बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में कम से कम सात श्रमिक मारे गए और एक घायल है। आतंकी हमले को लेकर अभी किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

ग्वादर पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोहसिन अली के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक आवासीय क्वार्टर पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मृत और घायल व्यक्ति इलाके में नाई की दुकान में काम करते थे और पंजाब के खानेवाल जिले के रहने वाले थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने सात मजदूरों की हत्या को खुला आतंकवाद करार देते हुए जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना करीब तीन सप्ताह बाद सामने आई है जब अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में नौ लोग पंजाब के थे जिन्हें आतंकियों ने बस से बाहर निकालकर अगवा कर लिया था।